


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का जीडीपी अनुमान | सम्पादकीय नई व्यवस्था से छात्रों को राहत और | निफ्टी ने 23,441 का ऑल टाइम हाई 5

वर्ष 11 अंक 21 | E-mail: dholpur@hotmail.com | फरीदाबाद, गुरूवार 13 जून 2024 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# ओडिशा : मोहन माझी बने सीएम भाजपा की बनी पहली सरकार

## 24 सालों बाद ओडिशा में सत्ता बदलने वाली बीजेपी ने राज्य में मोहन चरण माझी ने नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली





### कनकवर्धन-प्रवति परीदा बने डिप्टी सीएम

नई दिल्ली। मोहन चरण माझी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में ओडिशा में पहली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह ओडिशा के भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया था। माझी के साथ दो उपमुख्यमंत्रियों - कनक वर्धन सिंह देव और प्रवती परिदा ने भी शपथ ली। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास ने राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री को उपमुख्यमंत्री के साथ शपथ दिलाई।

**अमित शाह- राजनाथ सिंह समेत मौजूद रहे ये नेता**

24 साल तक ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे बीजू जनता दल (बीजेडी) के नेता नवीन पटनायक भी मंच पर मौजूद थे। इस समारोह में भारतीय जनता पार्टी के कई हाई-प्रोफाइल नेता भी मौजूद थे, जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अश्विनी वैष्णव और नितिन गडकरी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल थे।

**दर्शकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया**

जब माझी जनता मैदान पहुंचे, तो वहां मौजूद दर्शकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें भीड़ का अभिवादन करते भी देखा गया। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में जोरदार प्रदर्शन के बाद ओडिशा में यह पहली भाजपा सरकार है, जिसने बीजू जनता दल (बीजद) को हराकर, बीजद के 24 साल पुराने शासन को समाप्त कर दिया। मांझी ने कहा कि ओडिशा की अस्मिता (गौरव) की रक्षा करना नई सरकार की प्राथमिकता होगी। संथाली जनजाति से ताल्लुक रखने वाले 52 वर्षीय मांझी राज्य के क्योंझर जिले के हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मांझी के शपथ समारोह में शामिल हुए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण मांझी के शपथग्रहण समारोह में सहभागिता की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी इस समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री जी से सौजन्य भेंट कर उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओडिशा के मुख्यमंत्री श्री मांझी से भेंट कर बधाई और मंगलकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भुवनेश्वर प्रवास में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. मानिक शाह से भी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट का मुख्यमंत्री द्वय का

# चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के सीएम बने



### पवन कल्याण डिप्टी सीएम, टीडीपी से 20, जनसेना से 3 और भाजपा से 1 मंत्री ने शपथ ली

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में भी एनडीए की सरकार बन गई है। तेलगु देशम पार्टी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। चंद्रबाबू ने राज्य की चौथी बार कमान संभाली। इसके साथ ही उन्होंने आंध्र में सबसे ज्यादा बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।



नायडू के अलावा जनसेना प्रमुख और एक्टर पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। उन्होंने शपथ लेने के बाद नायडू के पैर छुए। तीसरे नंबर पर नायडू के बेटे नारा लोकेश ने शपथ ली। नई सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम समेत 25 सदस्य होंगे। इसमें टीडीपी के 20, जनसेना के 3 और भाजपा के एक मंत्री शामिल हैं। एक पद खाली रखा गया है। राज्यपाल अब्दुल नजीर ने विजयवाड़ा में केसरपल्ली आईटी पार्क में सीएम और मंत्रियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत एनडीए के मंत्री और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। शपथ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नायडू को गले लगाकर बधाई दी।नायडू के कैबिनेट में उनके बेटे और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश, प्रदेश अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू और जनसेना पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष नादेंडला मनोहर शामिल हैं। टीडीपी के मंत्रियों में 17 नए चेहरे हैं। बाकी 3 पहले भी मंत्री रह चुके हैं। जनसेना पार्टी के तीन मंत्री पवन कल्याण, नादेंडला मनोहर और कंडुला दुर्गेश हैं। सत्य कुमार यादव एकमात्र भाजपा विधायक हैं, जिन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिमंडल में तीन महिलाएं हैं। सीनियर नेता एन मोहम्मद फारूक एकमात्र मुस्लिम चेहरा हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पर्यटन गंतव्यों तक कनेक्टिविटी बेहतर करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही ÷पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा÷ का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 जून, गुरुवार को सुबह 9 बजे राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भोपाल से जबलपुर जाने वाली पहली फ्लाइट का शुभारंभ करेंगे। यह फ्लाइट भोपाल से जबलपुर होकर रीवा जाएगी, वहां से सिंगरौली लैंड होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल एयरपोर्ट पर शुरू किये जा रहे टिकिट बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ कर यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान करेंगे।

राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति एवं प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के श्री शिव शेखर शुक्ला, प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम डॉ. इलैयाराजा टी, अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड सुश्री बिदिशा मुखर्जी की गरिमामय उपस्थिति रहेंगी।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा÷ के तहत प्रदेश के आठ शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। ÷पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा÷ का संचालन मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लायओला) द्वारा किया

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लेफ्टिनेंट जनरल श्री द्विवेदी को थल सेना प्रमुख नियुक्त होने पर दी बधाई

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के प्रतिभावान सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल श्री उपेंद्र द्विवेदी को भारतीय थल सेना के प्रमुख के पद पर नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएँ दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश के लिए यह गौरवमयी क्षण है। श्री द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा में पढ़े हैं और गत चार दशक के कैरियर में अनेक अहम दायित्व सम्हाल चुके हैं। आतंकवाद विरोधी अभियानों में भी उन्होंने योगदान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि निश्चित ही लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारतीय थल सेना और अधिक सशक्त होगी।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय का पदभार गृहण किया




**नईदिल्ली।** बुधवार को उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय का कार्यभार गृहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में यह क्षेत्र, भारत की समृद्ध संस्कृति के प्रवेश द्वार के रूप में स्थापित हुआ है। मेरा संकल्प है कि हम इस क्षेत्र के विकास की गति को कई गुना बढ़ाएंगे और क्षेत्र में आधुनिक विकास के नए मापदंड स्थापित करेंगे।

# ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे अगले सेना प्रमुख



आर.एन.एस.

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार 11 जून की रात लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को नया आर्मी चीफ अपॉइंट किया है। वे मौजूदा सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की जगह लेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी 30 जून को पदभार संभालेंगे। इसी दिन मौजूदा सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे रिटायर हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले वे सेना के वाइस चीफ, नॉर्दर्न आर्मी कमांडर, छत्र इन्फेंट्री और सेना में कई अन्य कमांड के प्रमुख के रूप में देश की सेवा कर चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी वर्तमान में वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद पर कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति में सरकार ने सीनियॉरिटी के सिद्धांत का पालन किया है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी के बाद सबसे सीनियर अफसर दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी और लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह दोनों को 30 जून को रिटायर होना था। तीनों सेनाओं के प्रमुख 62 साल की उम्र तक या तीन साल, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक सेवा दे सकते हैं।हालांकि, लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारियों की रिटायरमेंट एज 60 साल है, जब तक कि अधिकारी को फोर स्टार रैंक के लिए अप्रूव नहीं किया जाता है। टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को लेकर उत्साही होने के नाते, लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने नॉर्दर्न कमांड में सभी रैंकों की टेक्निकल बाउंड्रीज को बढ़ाने की दिशा में काम किया।






मथुरा। मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने बुधवार को अपने जन्मदिवस के अवसर पर गिर्राज जी पहुंचकर भगवान के दर्शन किए तथा उनकी पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर भी मौजूद थे।

# कुवैत : इमारत में लगी भीषण आग 40 भारतीय कामगारों की मौत



आर.एन.एस.

दुबई। कुवैत के मंगाफ शहर में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई. हादसे में 40 भारतीयों की मौत की खबर है. जबकि 30 से ज्यादा लोग जख्मी बताए जा रहे हैं. ज्यादातर मौतें दम घुटने से हुई हैं. मरने वालों में 5 लोग केरल के रहने वाले थे. अधिकारियों ने बताया कि आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत के रसोईघर में लगी। मनोरमा की रिपोर्ट के मुताबिक, जिस बिल्डिंग में आग लगी, वो मलयालयी बिजनेसमैन केजी अब्राहम के एनबीटीसी ग्रुप की है. मारे गए लोग इसी कंपनी में काम करते थे. बिल्डिंग में करीब 160 लोग रहते हैं। कुवैत की कुल जनसंख्या में 21 प्रतिशत (10 लाख) भारतीय हैं. वर्कफोर्स में ये 30 प्रतिशत (लगभग 9 लाख) हैं।

कुवैत टाइम्स की खबर के अनुसार, हादसा भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह करीब 6 बजे हुआ. रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राउंड फ्लोर की किचन में लगी आग तेजी से 6 मंजिला बिल्डिंग में फैल गई. ऐसे में लोग अंदर फंस गए. बिल्डिंग में ज्यादातर प्रवासी मजदूर रहते हैं. बताया जा रहा है कि कई लोग अवैध तरीके से भी रह रहे थे. इस बीच भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. उन्होंने घायलों से मुलाकात की है. भारतीय दूतावास घायलों के लिए हर संभव मदद कर रहा है.

कुवैत में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज भारतीय श्रमिकों से जुड़ी दुखद आग दुर्घटना के संबंध में दूतावास ने एक इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर +965-65505246 जारी किया है. सभी संबंधित लोगों से अनुरोध है कि वे अपडेट के लिए इस हेल्पलाइन से जुड़ें. दूतावास हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है।

# रूस भारतीयों की सेना में भर्ती बंद करे - भारत

### कहा - यह दोनों देशों के रिश्तों के लिए सही नहीं

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** यूक्रेन जंग के बीच रूस की सेना में तैनात 2 और भारतीयों की मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। इसके बाद भारत ने कहा है कि रूस हर हाल में अपनी सेना में भारतीयों को भर्ती करना बंद करे। यह दोनों देशों की पार्टनरशिप के लिए सही नहीं है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मॉस्को में भारतीय दूतावास ने दोनों भारतीय नागरिकों के शवों को जल्द से जल्द स्वदेश वापस लाने के लिए रूस के रक्षा मंत्रालय समेत रूसी अधिकारियों पर दबाव डाला है। इसके अलावा विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों की मौत पर दुख जताया है। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को भी रूस में नौकरी का ऑफर मिलने पर सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सरकार ने रूस से वहां की सेना में भर्ती भारतीयों को देश वापस भेजने की मांग की है। भारत में मौजूद रूस के राजदूत के सामने भी यह मुद्दा उठाया गया है।

रूस की सेना में भर्ती कई भारतीय नागरिकों की अब तक मौत हो चुकी है। अप्रैल ने भारत की जांच एजेंसी सीबीआई ने भारतीयों को धोखे से रूस-यूक्रेन जंग में भेजने के मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से तीन लोग भारत के थे, जबकि एक रूस के रक्षा मंत्रालय में काम करने वाला ट्रांसलेटर था। ये सभी लोग एक नेटवर्क का हिस्सा थे, जिसमें सोशल मीडिया के जरिए भारतीय को नौकरी और अच्छी सैलरी का लालच देकर फंसाया जाता है। सीबीआई के मुताबिक, दिल्ली-बेस्ड एक वीजा कंपनी अब तक करीब 180 भारतीयों को रूस भेज चुकी है।

# अहंकार के अवसान होते ही जीवन की दिव्यताएँ स्वतः प्रकट होने लगती हैं: स्वामी अवधेशानंद जी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**हरिद्वार।** श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने कहा कि- जैसे नदी की सम्पूर्णता सागर तक पहुँचने और अपने अस्तित्व को उसमें विलीन कर देने में निहित है, ठीक उसी प्रकार जीवन की सार्थकता अहंकार के निर्मूलन एवं ईश्वरीय विधान के प्रति समर्पण से सिद्ध होती है। अहंकार के अवसान होते ही जीवन की दिव्यताएँ स्वतः प्रकट होने लगती हैं .. ! अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। अहंकार से मनुष्य की सोचने समझने की शक्ति क्षीण हो जाती है, वह विवेकहीन हो जाता है। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार यह मन में उत्पन्न होने वाली वृत्ति है। महर्षि पतंजलि इसे अस्मिता कहते हैं। अहंकार मनुष्य की मानसिक एकाग्रता एवं संतुलन को भंग कर देता है। अहंकारी व्यक्ति सदैव अशान्त ही रहता है। अहंकार स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ मानने के कारण उत्पन्न हुआ एक व्यवहार है। यह एक ऐसा मनोविकार है, जिसमें मनुष्य को न तो अपनी त्रुटियाँ दिखाई देती हैं और न ही दूसरों की अच्छाई शान्ति का शत्रु है - अहंकार। जब अहंकार बलवान हो जाता है तब वह मनुष्य की चेतना को अँधेरे की परत की तरह घेरने लगता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अहंकार को आसुरी प्रवृत्ति माना है, जो मनुष्य को निकृष्ट एवं पाप कर्म करने की ओर अग्रसर करता है। जिस प्रकार नींबू की एक बून्द हजारों लीटर दूध को नष्ट कर देती है, उसी प्रकार मनुष्य का अहंकार अच्छे से अच्छे सम्बन्धों को भी बिगाड़ देता है। हमारे मनीषियों ने अहंकार को मनुष्य के जीवन में उन्नति की सबसे बड़ी बाधा माना है। अहंकारी मनुष्य परिवार और समाज को अधोगति की ओर ले जाता है। अहंकार के चलते ही त्रिलोक विजेता रावण का अन्त हुआ। अभिमानी दक्ष प्रजापति को भी दण्ड उनके अहंकार के कारण ही मिला। इसलिए मनुष्य को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। प्रभु की भक्ति ही मुक्ति का मार्ग है।



स्वामी अवधेशानंद जी ने कहा कि - जो स्वयं पर नियंत्रण करना जानते हैं, वे ही धन्य हैं। सभ्य व्यक्ति वो है जो अपरिग्रही है। आपके संग्रह में जो कुछ भी बहुत अधिक है, उसे बाँटिये। धन्य वे ही हैं जिनमें देने की भावना है और ऐसा भक्ति से सम्भव हो पायेगा। भक्ति वस्तुओं को प्रसाद बनाती है। प्रसाद की एक ही Philosophy है, वह बटना चाहता है। प्रसाद भोगा नहीं बाँटा जाता है, जो बाँटा जाये वो प्रसाद है, जो संग्रह किया जाये वो विषाद है। 'लोकाः समस्ताः सुखिनो भवन्तु ..' ना केवल हमारा परिवार, हमारा गाँव, हमारा शहर, हमारा देश, पूरा विश्व और सारे Planets .... May all the beings in all the worlds become happy. 'ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किं च जगत्यांजगत् । तेन त्यक्तेन भुंजीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम् ।।' इस संसार में जो कुछ भी गतिशील है, उस सबमें परमेश्वर का वास है। उस परमात्मा द्वारा प्रदत्त पदार्थों का त्याग से उपभोग करें। लोभ न करें। भला धन किसके साथ जाना है। इस तरह का जीवन जीयें कि देवता आप से ईर्ष्या करने लगे। इतने ऊँचे विचार हो, ऐसा चिन्तन, ऐसी पवित्रता हो आपके आसपास ...।

स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने कहा कि - कोई सफलता बिना ज्ञान के प्राप्त नहीं होगी। साधना की उच्चता के लिए पहला साधन यदि कोई है तो वह है - परदोष दर्शन का अभाव। स्वामी जी ने साधकों से कहा कि साधना में एक दिन थोडा ऊँचा उठें और अपने आप को देखें, अपने विचारों को, अपने मन की मू?ता को, अपने दुर्गुणों पर भी चिन्तन करें। प्रतिदिन अपना आत्म-निरक्षण करें। प्रपंच का संग्रह का कोई अंत नहीं है। Quality Of Life बनायें। थोड़ी चीजें हो, पर अच्छी हो। जीवन की लम्बाई और चौड़ाई पर विश्वास ना करें। जीवन में जागरूकता, पवित्रता और दिव्यता होनी चाहिये। स्वामी जी ने कहा कि गुरुमंत्र देते समय अथवा मंत्रदीक्षा देते समय सद्गुरु अपनी साधना का भाग भी शिष्य को देता है। गुरु हरपल शिष्य के आत्म-कल्याण की बात करता है। वो बस यही चाहता है कि शिष्य में सत्यनिष्ठा हो। धर्म, शील, नैतिकता करुणा, प्रेम हो। मंत्र में अलग प्रकार का प्रकाश रहता है। उस प्रकाश से गुरु आपको देख सकता है कि शिष्य कहाँ है? क्या कर रहा है? शिष्य के पास तो दो आँखें हैं। परन्तु, गुरु के पास तो हजार आँख हैं, वो आप को देख रहा होता है।

स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने कहा कि - जब आप स्वाभाविक होते हैं, पूरे विश्वास के साथ होते हैं तब आपके जीवन में कोई तनाव नहीं होता। हम अमृत की संतानें हैं। हमें कोई नहीं मार सकता। प्रेम एक आधारभूत एवं सार्वभौम संवेग है।

# केन्द्रीय योजनाओं के साथ हर परिवार को खुशहाल बनाने में आगे मध्यप्रदेश

विशेष लेख




**भोपाल।** मध्यप्रदेश की सुविचारित जन-हितैषी योजनाओं के साथ केन्द्रीय योजनाओं का सहयोग लेकर हर परिवार को समृद्ध बनाने की एक सशक्त शुरूआत के परिणाम बीते छह महीनों में रेखांकित हुए हैं। मध्यप्रदेश के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। केन्द्र और राज्य की योजनाओं में परस्पर समन्वय बैठाने और लगातार समीक्षाओं के कारण अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने का श्रेय मुख्यमंत्री डा मोहन यादव को जाता है।

भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों से लगातार आगे चल रहा है। विभिन्न योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को मध्यप्रदेश ने शत-प्रतिशत पूरा किया है। साथ ही कुछ योजनाओं में लक्ष्य से अधिक उपलब्धि अर्जित की है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन और प्रभावी नेतृत्व में प्राप्त हुई है। स्ट्रीट वेंडर्स को स्व-रोजगार के लिए ब्याज मुक्त लोन देने की पीएम स्वनिधि योजना में मध्यप्रदेश सरकार निर्धारित लक्ष्य 7 लाख 46 हजार 600 के विरूद्ध अभी तक 11 लाख 74 हजार 96 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन वितरित कर चुकी है। यह उपलब्धि 157 प्रतिशत से अधिक है। योजना में पहली बार 10 हजार, दूसरी बार 20 हजार और तीसरी बार 50 हजार रूपये का ब्याजमुक्त लोन दिया जाता है। इसी तरह अमृत सरोवर योजना में 3900 सरोवर बनाने का लक्ष्य था, लेकिन 5812 अमृत सरोवर बनाये जा चुके हैं। यह उपलब्धि 149 प्रतिशत है।



किसानों की जमीन की जांच कर स्वाइल हेल्थ कार्ड देने की योजना में कुल 6 लाख 31 हजार 437 कार्ड वितरित करना था। सरकार तत्परतापूर्वक कार्रवाई कर अभी तक 11 लाख 89 हजार 505 स्वाइल हेल्थ कार्ड वितरित कर चुकी है। योजना में उपलब्धि का प्रतिशत 188 से अधिक है।

मध्यप्रदेश ने पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वामित्व योजना, भारत नेट, किसान क्रेडिट कार्ड और अटल पेंशन योजना में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में कुल लक्ष्य 83 लाख 83 हजार 208, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना में 93 लाख, स्वामित्व योजना में 43 हजार 130 गाँवों का ड्रोन से सर्वे, भारत नेट योजना में 20 हजार 422 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर केबल स्थापित करने, किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 65 लाख 83 हजार 726 कार्ड वितरित करने और अटल पेंशन योजना में 26 लाख 15 हजार किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य था। इन लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा किया गया है। आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में लक्ष्य 8 लाख 40 हजार 940 के विरूद्ध 7 लाख 88 हजार 140 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 37 लाख 70 हजार 397 के लक्ष्य के विरूद्ध 36 लाख 3 हजार 960 आवास बनाये जा चुके हैं। जल जीवन मिशन में 83 लाख 27 हजार 582 घरों में नल से जल पहुँचाने का लक्ष्य था। अभी तक 70 लाख 14 हजार 609 घरों में नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है।

आयुष्मान भारत योजना गरीबों की बीमारी के उपचार के लिए रामबाण साबित हुई है। इस योजना में 4 करोड़ 70 लाख 96 हजार 914 हितग्राहियों को कार्ड वितरित करने का लक्ष्य था। अभी तक लगभग 4 करोड़ कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 72 हजार 993 किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य था। यह लक्ष्य लगभग पूरा कर लिया गया है। पशुपालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 4 लाख 76 हजार पशुपालकों को कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। मछली पालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना में एक लाख 48 हजार 910 के लक्ष्य के विरूद्ध एक लाख 35 हजार 510 मछली पालकों को कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। उपलब्धि का प्रतिशत 91 है। इन सभी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से हितग्राहियों का जीवन स्तर सुधारने के प्रयास लगातार जारी हैं। मध्य प्रदेश नये लक्ष्यों और नई कार्ययोजनाओं के साथ आगे बढ़ने को तैयार है।




# मध्यप्रदेश बन रहा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का केन्द्र

विशेष लेख




**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सांस्कृतिक अभ्युदय के संकल्प को पूरा करने की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रही है। प्रदेश में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सनातन परम्परा के गौरव को संरक्षित करने और सहेजने की पहल के कई निर्णय लिये हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये चित्रकूट को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। साथ ही चित्रकूट सहित राम वन पथ गमन मार्ग के सभी प्रमुख स्थलों को विकसित करने के लिये पूरी कार्य-योजना बनाकर उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने का निर्णय भी लिया गया है। इसी तरह 1450 किलोमीटर की दूरी वाले राम वन पथ गमन मार्ग को प्रदेश के सांस्कृतिक पर्यटन के लिहाज से भव्य धार्मिक केन्द्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। राम वन पथ गमन मार्ग के विकास से समीपीय क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।राम वन पथ गमन के लिये तैयार की गई कार्य-योजना में 23 प्रमुख धार्मिक स्थल हैं, जिनमें सतना, पन्ना, कटनी, अमरकंटक, शहडोल, उमरिया आदि जिलों को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जायेगा। महाकाल की नगरी उज्जैन को व्यवसाय, पर्यटन एवं विकास की राह में आगे बढ़ाने के मकसद से इस वर्ष उज्जैन में विभिन्न सांस्कृतिक, व्यापारिक एवं औद्योगिक आयोजन किये गये।







इस वर्ष फरवरी माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विक्रमोत्सव के अवसर पर विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी'' का शुभारंभ कर भारतीय काल गणना परम्परा का साक्षात्कार पूरी दुनिया से कराया। इस वर्ष शासकीय कैलेण्डर में विक्रम संवत अंकित करना प्रारंभ किया गया। मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अभ्युदय के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इंदौर से उज्जैन एवं मण्डलेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा जबलपुर से चित्रकूट तथा ग्वालियर से ओरछा एवं पीताम्बरा पीठ के लिये हेलीकॉप्टर सेवाएँ प्रारंभ की जायेंगी। पर्यटकों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा एवं पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का शुभारंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अयोध्या में एक आस्था-भवन (धर्मशाला) निर्माण करने का निर्णय लिया गया है।

कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिये देवालयों में लगने वाली सामग्री जैसे भगवान के वस्त्र-आभूषण, श्रृंगार सामग्री, धातु एवं पत्थर की मूर्तियों का निर्माण स्व-सहायता समूह द्वारा कराये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही क्षेत्र के युवाओं को इसके लिये प्रख्यात कलाकारों से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और मंदिरों में इन सामग्रियों के विक्रय के लिये स्टॉल की व्यवस्था की जायेगी। यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा प्रदेश की 6 धरोहरों को सम्मिलित किया गया है। इसमें ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा, बुरहानपुर और रामनगर, मंडला का गौंड स्मारक शामिल है। मध्यप्रदेश में क्रूज टूरिज्म को गति प्रदान करने के लिये मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण एवं गुजरात सरकार के साथ एमओयू किया गया, जिसके तहत ओंकारेश्वर स्थित एकात्मधाम (स्टेच्यु ऑफ वननेस) से गुजरात के केवड़िया में स्थित स्टेच्यु ऑफ यूनिटी तक संचालित किया जायेगा।

## सामूहिक प्रयास और श्रमदान से बदली नदियों-तालाबों की तस्वीर

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के साथ-साथ इन स्थानों पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जल संवर्धन पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन नदी एवं तालाबों के घाट पर किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरचनाओं को व्यवस्थित करना, तालाबों, कुण्डों, बावडी के पानी का संरक्षण एवं घाटों की सफाई करना है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों में रंगोली, वॉल पेंटिंग, ऐतिहासिक महत्व की बावडियों का रंग-रोगन, बोरवेल के आस-पास वाटर हार्वेस्टिंग, विद्यार्थियों द्वारा निबंध लेखन, स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा नाले-नालियों की साफ-सफाई के साथ ही उनके आस-पास के अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है की 5 जून से 12 जून तक प्रदेश में लगभग एक लाख 80 हजार नागरिकों के श्रमदान से जल संरचनाओं के किनारे लगभग 36 लाख पेड़ लगाये गये। जल संरचनाओं में 30 लाख घन मीटर पानी का क्षमतावर्धन किया गया। जल संरचनाओं से 2 लाख घन मीटर गाद भी निकाली गई।

## झाँसी मंडल द्वारा की गयी राजस्व बचत

**झाँसी।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के दिशा - निर्देशन में झाँसी मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल माह में मध्य प्रदेश क्षेत्र से रु. 5.28 करोड़ की बिजली व्यय में राजस्व बचत की गयी है । उक्त बचत खुले बाजार से बिजली खरीद से संभव हुई है । पूर्व में मंडल द्वारा बिजली चुनिन्दा माध्यम से ही ली जाती थी, जिसके फलस्वरूप हमें उनकी तय की गयी दरों के अनुसार ही भुगतान करतना पड़ता था, परन्तु अब खुले बाजार से बिजली खरीद से खुली स्पर्धा के चलते कम दरों में बिजली उपलब्ध हो सकी है । मध्य प्रदेश क्षेत्र के (10 Traction Sub Stations) दतिया, हेतमपुर, ग्वालियर, भिंड, हरपालपुर, निवाड़ी, मालनपुर , ईशानगर, सांक एवं बसई सब स्टेशन के माध्यम से उक्त राजस्व की बचत की गयी है ।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के लिए नपा ने चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**
**मुरैना/पोरसा।** जल गंगा संवर्धन के लिए नगर पालिका ने आज नगर पालिका कार्यालय परिसर में चित्रकला वह निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कई दर्जन बच्चों ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

शासन के आदेश अनुसार जिलाधीश मुरैना के मार्गदर्शन में आज नगर पालिका परिषद पोरसा के सीएमओ, व संजय वर्मा के सानिध्य में देवेंद्र राजोरिया, कुम्हेर सिंह राजस्व निरीक्षक, बृजकिशोर तिवारी, राधारानी बांदिल, राधवेंद्र सिंह जादौन, बृजेश सिंह जादौन, जीशान कुरैशी आदि कर्मचारियों की देखरेख में चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में आशी चौहान प्रथम, शेजल तोमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आकांक्षा शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा निबंध प्रतियोगिता में आर्यन सिंह चौहान ने प्रथम, अजय गोस्वामी ने द्वितीय तथा छाया किरार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिनको पुरस्कार प्रदान किए गए। जल गंगा संवर्धन के ऊपर निबंध प्रतियोगिता हुई तथा पेंटिंग भी जल गंगा संवर्धन विषय पर ही कराई गई।

विजयी प्रतिभागियों को दिए गए पुरस्कार




## भारतीय संस्कृति का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है

**भोपाल-** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भोपाल द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला भोपाल, रायसेन एवं विदिशा में संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों के नवीन आचार्यों का सात दिवसीय नवीन आचार्य शिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मन्दिर विद्या विहार बैरसिया में आयोजित किया जा रहा है। सातवे दिन के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला भोपाल के जिला सचिव पदमसिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय संस्कृति का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय संस्कृति विश्व गुरु है। हम सभी अपने विद्यालय में छात्रों को इसके संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में जानकारी दें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला भोजपुर के संपर्क प्रमुख वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सन् 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना नागपुर में विजयादशमी के शुभ अवसर पर हुई। तब से लेकर आजतक संघ निरंतर समाज निर्माण में अपना सकारात्मक सहयोग अहर्निश दे रहा है। *दुर्गा प्रसाद चक्रधारी जिला प्रमुख भोपाल ने प्रोजेक्ट कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राहुल तिवारी जिला प्रमुख विदिशा ने शारीरिक शिक्षा योग शिक्षा दी जानकारी खेल खेल के माध्यम से दी। इस अवसर पर *भोपाल के जिला अध्यक्ष मस्तान सिंह मारण धर्मेन्द्र गुर्जर (प्रबंधक) राजीव शर्मा, राजेन्द्र सिंह ठाकुर (वर्ग संयोजक) टीकाराम दांगी,मनोहर जी,पूजा सेन, रश्मि पाटकर, खुशी योगी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रदीप रायकवार ने दी।



## बीटीसी झांसी में संरक्षा सेमिनार का आयोजन




**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक, झांसी दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में ÷बीटीसी झांसी में ÷ में (spad) सिग्नल पास एट डेंजर एवं स्पीड रेस्ट्रिक्शन VIOLATION पर आधारित संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया इस संरक्षा सेमिनार में उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं को ट्रेन सञ्चालन से सम्बंधित सभी सावधानियों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया , जैसे एक पीला सिग्नल पर सतर्कता एवं प्रतिबंधित गति से सिग्मा बोर्ड पर गाड़ी खड़ी करना, सहायक लोको पायलट द्वारा ऋ पर हाथ रखना व समय से उपयोग करना ,लाल सिग्नल का कॉल आउट बार-बार करते रहना , रोल डाउन से इंजन व लोड का बचाव एवं लोको/ लोड सिक्योर करने का तरीका एवं रेड नोटिस आदि विषयों पर की गहनता पूर्वक जानकारी प्रदान की गई इस संरक्षा सेमिनार सहायक मंडल मेकैनिकल इंजीनिएर सुनील कुमार शर्मा सहित 15 सहायक लोको पायलेट , 12 लोको पायलट, 02 लोको पायलेट संटर ,03 चीफ लोको इंस्पेक्टर सम्मिलित हुए



# 23 साल से फरार आठ हजार का इनामी एसटीएफने मुरैना से पकड़ा

## - एमपी से राजस्थान तक दी दबिश तब मिला लुटेरा

**ग्वालियर।** खजाने में मिली गिन्नियों को सस्ता बेचने का झांसा देकर कारोबारी से लूट करने वाले आठ हजार रुपए के इनामी आरोपी को एसटीएफने मुरैना से दबोचा है। पकड़े गए आरोपी को दबोचने के लिए एसटीएफकी टीम दो माह से मुरैना और राजस्थान में दबिश दे रही थीं, तब आरोपी पुलिस के हाथ लगा है। पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर एसटीएफने पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अफसरों का मानना है कि इसके पकड़ में आने के बाद इसके अन्य साथी भी पुलिस के हाथ लग जाएंगे। यह पहला आरोपी है जो 23 साल से पुलिस को चकमा दे रहा था।

डीएसपी एसटीएफसंजीव तिवारी ने बताया कि खजाने में मिली गिन्नियों को बेचने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को दो माह की मशक्कत के बाद एसटीएफने मुरैना के राम नगर से पकड़ा है। आरोपी को पकडने के लिए एसटीएफ टीआई रोहित गुप्ता, एएसआई भूपेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक प्रमोद कुमार, आरक्षक जितेन्द्र, रविन्द्र और रामकेश ग्वालियर, मुरैना और राजस्थान के कई शहरों में तलाश कर रहे थे, तब जाकर आरोपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा है। आरोपी 23 साल से पुलिस को चकमा दे रहा था, पुलिस भी उसका पीछा कर रही थी, लेकिन हाथ नहीं लग रहा था। पिछले दो माह में एसटीएफकी टीम राजस्थान और मुरैना में उसकी जानकारी जुटा रही थी। इसी बीच एसटीएफको राजस्थान से टिप मिली कि आरोपी ने अपना हुलिया बदल लिया है और पुलिस से बचने के लिए अब व्यवसाय शुरू कर दिया है। साथ ही पता चला कि वह अब अंबाह रोड इलाके में रह रहा है। इसका पता चलते ही एसटीएफ ने उसकी तलाश की तो वह रामनगर में मिल गया। इस मामले में पुलिस के पास सिर्फआरोपी का नाम था, जिसके आधार पर एसटीएफकी टीम लगी हुई थी। तब जाकर दो माह की मशक्कत आरोपी हाथ लगा है। इस मामले में उसके साथ चार अन्य आरोपी भी थे, अब पुलिस उनकी जानकारी जुटा कर अन्य आरोपियों की तलाश में लग गई है। बताया गया है कि पहले आरोपी बड़ी दाढ़ी और मूंछ रखता था, लेकिन अब उसके चेहरे पर ना तो दाढ़ी है और बड़ी मूंछों के स्थान पर छोटी मूंछे रख ली है और पहले वह कुर्ता पाजामा पहनता था और अब शॉर्ट व टी शर्ट पहनता है।

एसपी एसटीएफ राजेश सिंह भदौरिया का कहना है कि 23 साल से पुलिस को चकमा दे रहे आठ हजार रुपए के इनामी को एसटीएफकी टीम ने दबोचा है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद इसके अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी है।

# वकील ने किया महिला क्लाइंट से दुष्कर्म

**ग्वालियर।** हाईकोर्ट में दस्तखत कराने का झांसा लेकर लाए वकील ने महिला क्लाइंट से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना कंपू थाना क्षेत्र के गुढ़ी-गुढ़ा का नाका की है। आरोपी वारदात को अंजाम दे रहा था कि तभी पीडिता के परिजन आ गए तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। घटना की शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

शिवपुरी नरवर निवासी बीस वर्षीय महिला ने पुलिस से शिकायत की है कि दो साल पहले उसका विवाह हुआ था, लेकिन शादी के एक साल बाद ही उसका पति उसकी मारपीट कर प्रताडित करता था, जिसकी एफआईआर उसने डबरा में की थी। जिसका केस डबरा न्यायालय में चल रहा है। केस को देखने के लिए उसने वकील निखिल बघेल को किया था। इसके बाद वह अक्सर तारीख की कहकर उसे बुलाता था। बीते रोज भी वकील ने उसे तारीख की कहकर बुलाया और काफी देर तक अपने कार्यालय में बिठाए रखा और उसके बाद बताया कि उसे हाईकोर्ट में हस्ताक्षर करने हैं। इसके बाद वह उसे बस से लेकर ग्वालियर आया और कुछ अन्य काम की कहा। तो पीडिता अपने मौसा के घर जाने निकल गई। मौसा के घर पहुंची तो उसके मौसा पास ही स्थित दुकान पर सब्जी लेने गए थे, इसी बीच वकील वहां पर आ पहुंचा और उसके साथ गलत काम किया। इसी बीच उसके मौसा आ गए तो आरोपी धमकी देकर भाग निकला। वारदात की शिकार पीडिता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर आरोपी वकील को दबोच लिया। पुलिस वकील से पूछताछ कर रही है।

## शादी का झांसा देकर छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी दबोचा

प्यार का झांसा देकर दोस्त ने छात्रा से दुष्कर्म किया और उसका शोषण करने लगा। जब छात्रा ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया और शादी करने से इनकार कर दिया। घटना पड़ाव थाना क्षेत्र के गांधी नगर स्थित मंगलम गेस्ट हाउस की है। घटना की शिकार पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बानमोर मुरैना निवासी 18 वर्षीय छात्रा ने पुलिस से शिकायत की है कि उसके ताऊ नारायण विहार में रहते हैं। यहां पर नरेश पचौरी नामक युवक का आना और जाना था। इसी बीच उनकी दोस्ती हो गई और वह बातचीत करने लगे। इसी बीच नरेश ने उससे प्यार का इजहार किया और शादी का वादा कर उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद वह उसका शोषण करने लगा। अब जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया तो पीडिता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# चोरी करने निकला चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**ग्वालियर।** चोरी करने के लिए आ रहा बदमाश वारदात में सफल होता उससे पहले ही महाराजपुरा थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो एक वारदात का खुलासा हो गया है। साथ ही पता चला है कि पकड़े गए चोर के खिलाफकई थानों में काफी मामले दर्ज है। अब पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य मामलों की जांच में जुट गई है।

महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि बीती रात पुलिस की टीम जब गश्त कर रही थी कि तभी एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस कर्मियों ने टोका तो युवक भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया और करीब दस मिनट की मशक्कत के बाद उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम फारूख पुत्र बल्लू खान निवासी सागरताल के रूप में हुई। पकड़े गए युवक से पूछताछ की तो उसने पुलिस से डरकर भागना बताया। इसी बीच कुछ दिन पहले हुई बंटी त्यागी के घर हुई चोरी के फुटेज देखे तो पकड़े गए संदेही से मिलते हुए नजर आए। इसके बाद उसका रिकार्ड खंगाला तो पुलिस का संदेह यकीन में बदल गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने वारदात के बारे में पूछताछ की तो वह टूट गया और वारदात करना स्वीकार कर लिया है। पकड़े गए चोर की जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह काफी शातिर है और पकड़ में ना आए, इसे देखते हुए वह अधिकतर चोरियां अकेले करता है। पुलिस पकड़े गये चोर से पूछताछ कर रही है।

# नाबालिग को किया अगवा, पुलिस ने घेरा तो छोड़कर भागे आरोपी

**ग्वालियर।** सामान लेने के लिए निकली तेरह वर्षीय नाबालिग का बाइक सवार दो युवक जबरन अगवा कर ले गए। बालिका को अगवा होते देखकर राहगीरों ने शोर मचाया तो पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और बदमाशों का पीछा किया और आरोपियों को काजल टॉकीज पर घेर लिया। खुद को पुलिस से घिरा देखकर बदमाश नाबालिग को छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। वहीं घटना से सदमें आई नाबालिग बेहोश हो गई और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना प्रभारी जनकगंज विपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि बीते रोज लेले साहब की बगीची निवासी तेरह बालिका घर से सामान लेने के लिए निकली थी। अभी छात्रा कुछ ही दूरी पर पहुंची थी कि तभी बाइक सवार दो युवक आए और जबरन बालिका को उठाकर बाइक पर बैठाकर ले गए। मामले का पता चलते ही मौके पर हंगामा मच गया और राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस और परिजनों ने बालिका की तलाश में निकले तो बालिका व आरोपियों का सामना पुलिस से काजल टॉकीज के पास हो गया। पुलिस और परिजनों को देखते ही आरोपी छात्रा को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस जब छात्रा के पास पहुंची तो पता चला कि अचानक हुई घटना से छात्रा बेहोश हो गई है और छात्रा की हालत देखकर पुलिस ने उसे उपचार के लिए भर्ती कराकर आरोपियों के खिलाफअपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## दो छात्राओं ने फांसी लगाकर दी जान

**ग्वालियर।** अज्ञात कारणों के चलते दो अलग-अलग थाना क्षेत्र निवासी छात्राओं ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना मुरार थाना क्षेत्र के लाल टिपारा और गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के पिण्टो पार्क की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पीएम के लिये भिजवाकर जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। मुरार थाना क्षेत्र के लाल टिपारा निवासी नैना माहौर पुत्री गुरूदयाल माहौर बारहवीं की छात्रा है। बीते रोज उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। नैना के फांसी के फंदे पर लटके होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिये भिजवाया। उधर गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के पिण्टो पार्क निवासी 16 वर्षीय निक्की माहौर पुत्री लाल सिंह माहौर ने अपने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर जान दे दी। अभी पता नहीं चला है कि किन कारणों के चलते निक्की ने जान दी है, इसका पता नहीं चला है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्र लापता, अपहरण का मामला दर्ज

घर से दोस्त से मिलने की कहकर निकला सत्रह वर्षीय छात्र लापता हो गया। छात्र के लापता होने का पता चलते ही परिजन थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि छात्र की तलाश के लिए इलाके के सीसीटीवी खंगाले जा रहे है, जिससे उसका पता लगाया जा सके।

# कारोबारी धमका रहे थे, इसलिए दी थी अमर ने होटल के कमरे में जान

**ग्वालियर।** आगरा के युवक द्वारा होटल में फांसी लगा कर जान देने के मामले में पुलिस ने जांच के बाद दो कारोबारियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि बीती 27 मई को विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के मस्कट होटल में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच की तो पता चला कि मृतक आगरा निवासी अमर अग्रवाल पुत्र लक्ष्मण अग्रवाल है। पुलिस ने मृतक के होटल के कमरे की तलाशी ली तो वहां से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने आगरा के दो सरफा कारोबारी दीपू शर्मा और सोनू गुप्ता पर प्रताडित करने के आरोप लगाए थे। सुसाइड नोट की जांच व मृतक परिजनों के बयान के आधार पर पता चला कि मृतक ने सोनू व दीपू से चांदी ली थी और 43 हजार की चांदी के स्थान पर उसे 35 हजार रुपए की चांदी दी थी, इसके बाद से ही आरोपी उस पर भुगतान करने का दबाव बना रहे है, जिससे तंग आकर उसने फांसी लगाकर जान दी थी। पुलिस ने मर्ग की जांच के बाद आगरा के दो व्यापारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सिम्स अस्पताल के स्थापना दिवस पर भजन संध्या आयोजित






**ग्वालियर।** सिम्स मल्टीस्पेशिलिटी हास्पीटल के 9वें स्थापना दिवस पर कैंसर पहाड़िया पर गुलाब बगीची में भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में गायकों ने एक से एक बेहतरीन भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सिम्स अस्पताल के संचालक डा. नीरज शर्मा ने भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमे शहर के गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, राजनेता, पत्रकारों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

मंगलवार को सिम्स अस्पताल के संचालक डा. नीरज शर्मा ने स्व. शीतला सहाय की स्मृति में एवं सिम्स अस्पताल के 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद उठाया। इस अवसर पर सिम्स के संचालक डा. नीरज शर्मा ने बताया कि सिम्स के 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। सिम्स प्रतिवर्ष अपने स्थापना दिवस के अवसर पर इस तरीके के आयोजन करता है। उन्होंने बताया कि चिकित्सा के क्षेत्र में सिम्स अस्पताल कम कीमतों पर रोगियों को उपचार उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड धारकों को भी अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हों इसके लिये सिम्स अस्पताल और वह हमेशा प्रयासरत रहते है।

# एक सप्ताह बाद फिर पहुंचा पारा 44.6 डिग्री पर

## - दोपहर होने से पहले तेज धूप, शाम तक रही हावी

**ग्वालियर।** अंचल में एक बार फिर राजस्थानी हवाओं ने गर्मी में तड़का लगाने का काम किया है। एक सप्ताह बाद बुधवार को दिन का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक आंका गया। अचानक सामान्य से उपर हुये तापमान की वजह से दिनभर शहरवासियों ने झुलसाने वाली गर्म हवाओं का अहसास किया। आखिर दोपहर होने से पहले सड़कों पर सन्नाटा छा गया, जो देर शाम तक देखने का मिला। वहीं व्यस्त बाजार सुनसान नजर आये।

यहां बता दें कि दो दिन पहले ग्वालियर में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हुआ था। लेकिन बादल छंटते ही व गर्म हवाओं की वजह से बुधवार को दिन का तापमान बढ़कर 44.6 डिग्री सेल्सियस आंका गया। इस तरह दो दिन के अंदर 6.4 अंक बढ़कर तापमान दर्ज होना हर किसी के लिये असहनीय हो गया। स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार बीते दिन मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जबकि बुधवार को 1.8 अंक बढ़कर दिन का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। इसी तरह बीते दिन मंगलवार को न्यूनतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जबकि बुधवार को 0.8 डिग्री सेल्सियस अंक बढ़कर न्यूनतम तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस आंका गया। यह सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ। यह इस महीने की अब तक दूसरी सर्वाधिक गर्म रात दर्ज हुई है। इससे पहले एक जून को सर्वाधिक रात का पारा 33.2 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। बुधवार को सुबह की आर्दता 31 प्रतिशत तथा शाम की आर्दता 25 प्रतिशत दर्ज हुई। दोनों ही सामान्य से क्रमशः 18 व 11 प्रतिशत कम है।



### जून का दूसरा सप्ताह भी खूब तप रहा

नौतपा बीत जाने के बाद अमूमन शहर में प्री मानसून के तहत एक दो बारिश हो जाती है लेकिन इस साल जून माह के 12 दिनों में केवल 0 2 मिली मीटर बारिश दर्ज हुई है। इसके बाद अभी भी गर्मी से निजात दिलाने वाली बूंदाबांदी का इंतजार जस का तस है। खास बात तो यह है कि ग्वालियर में जून का दूसरा सप्ताह भी खूब तप रहा है। 12 जून को एक बार फिर दोनों तापमान में वृद्धि होकर दिन का तापमान 44 6 व न्यूनतम तापमान 32 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

### आज व कल गरज चमक के साथ बूंदाबांदी

भोपाल मौसम विभाग ने आगामी दो दिन मौसम के हालचाल पर अनुमान जताते हुए बताया है कि ग्वालियर में आज गुरूवार और शुक्रवार को बरम चमक के साथ बूंदाबांदी की संभावना है। आज गुरूवार को शाम के समय तेज हवाओं के साथ धूलभरी आंधी चल सकती ळै। वहीं गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी भी होगी। इसी तरह शुक्रवार को भी प्रभाव देखने को मिलेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योग, तैयारियाँ जारी

**ग्वालियर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को शहरभर में सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। जिले में सामूहिक योगाभ्यास के लिए तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इस सिलसिले में शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों को कॉमन योगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बुधवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में प्रथम चरण के प्रशिक्षण में लगभग 700 शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।



उधर महिला पतंजलि योग समिति की योग शिक्षिका श्रीमती अमिता त्रिपाठी द्वारा भी लेडीज पार्क छत्री बाजार में योगाभ्यास की तैयारियों तेजी की जा रही है।

जिले में विश्व योग दिवस पर 2 हजार से अधिक शासकीय व अशासकीय माध्यमिक हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक व आईटीआई इत्यादि संस्थानों में सामूहिक योग के कार्यक्रम होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार एवं जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर के अनुसार लगभग तीन लाख विद्यार्थी एवं नागरिक सामूहिक योग अभ्यास करेंगे। बुधवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) और आरोग्य भारती के सहयोग से शिक्षा विभाग एवं जिला आयोग समिति द्वारा इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला परियोजना समन्वयक रविंद्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों विद्यार्थियों और नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के एक-एक शिक्षक को प्रशिक्षण में भेजने के निर्देश जारी किए हैं, जो प्रशिक्षण उपरांत प्रत्येक गांव तथा वार्ड में विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराएंगे।

# गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना



**ग्वालियर।** शहर में गंदगी फैलाने और आदतन कचरा फैलाने व डस्टबिन का उपयोग न करने वालों के खिलाफ नगर निगम द्वारा निरंतर अभियान चलाकर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को निगम के अमले ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफकार्रवाई कर जुर्माना वसूला। निगम के अमले ने बुधवार को वार्ड क्रमांक 41 के अंतर्गत दत्त मंदिर एवं खासकी बाजार 1 व्यक्ति का मुख्य मार्ग पर यूरिनल करने पर 100 रूपये बंटी मेवाती पर जुर्माना किया गय एवं मुख्य मार्ग पर थूकने का 100 रूपये का उधम दास पर जुर्माना किया गया। इसके साथ ही वार्ड-40 छतरी फरूट मंडी में जुर्माना किया गया एवं वार्ड क्रमांक 34 में 05 मीट विक्रेताओं को समझाइए दी गई तथा 01 मीट विक्रेता 500 रूपये का रफीक कुरैशी मीट सेंटर जुर्माना पर किया गया। कुल 4200 रूपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं ग्रामीण विधानसभा के वार्ड 61 में गंदगी करने वालों एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वालों 1000 रूपये का जुर्माना किया गया।

# जड़ेरूआ बांध के पास विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर चला निगम का बुल्डोजर

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान द्वारा अवैध कालोनी काटने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों को दिये हैं। जिसके बाद नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियों पर निगम के अमले ने बुधवार को कार्यवाही की।

सहायक सिटी प्लानर महेन्द्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर निगम द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को निगम के अमले ने जडेरुआ बाँध के पास आदर्श गौशाला लाल टिपारा रोड, वार्ड क्र 62 मुरार में गुलशन असीजा पुत्र हरिवंश लाल असीजा, आयुष अरोरा पुत्र नरेन्द्र अरोरा द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी विकसित कर विकास कार्य किया जा रहा था, जिसकी नगर निगम द्वारा कोई भी विकास अनुज्ञा प्राप्त नहीं की गई थी। इस कालोनी में किए गए अवैध सड़क, सीवर, बाउंड्रीवॉल, नींव, मुरहम आदि अन्य स्थाई अतिक्रमण को जे.सी.बी मशीनों द्वारा तुडाई कर हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार दीपेन्द्र धाकड, भवन अधिकारी राजीव सोनी, क्षेत्राधिकारी राकेश कुशवाह, सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी रवि कुमार कोरी, मदाखलत निरीक्षक श्रीकान्त सेन, राकेश कुशवाह, निगम पटवारी पंकज भार्गव सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



# जेल प्रहरी की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की नापजोख व प्रवीणता टेस्ट होगा

**ग्वालियर।** सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा ली गई परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण की परीक्षा के तहत शारीरिक नापजोख व प्रवीणता टेस्ट होगा। जेल विभाग द्वारा भोपाल स्थित पुलिस स्टेडियम में 2 से 7 जुलाई तक द्वितीय चरण की परीक्षा होगी। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर आवश्यक दस्तावेज व जानकारी के साथ नियत तिथि को भोपाल के पुलिस स्टेडियम में शारीरिक नापजोख व प्रवीणता टेस्ट के लिये उपस्थित हो सकते हैं।

ज्ञात हो मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक व जेल प्रहरी की भर्ती के लिए वर्ष 2023 में 25 मई से 20 जून तक परीक्षा ली गई थी। इसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया था। इस परीक्षा परिणाम में सफल हुए अभ्यर्थियों की शारीरिक नापजोख कर प्रवीणता टेस्ट लिया जायेगा। सहायक जेल अधीक्षक के 33 पद एवं जेल प्रहरी के 200 पदों के लिये क्रमशः 414 एवं 2264 अभ्यर्थियों ने द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों में से मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल अंतिम सूची जारी करेगा।

**कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर**

प्र.क्र. 65/23X6/4/विद्युत

**//ई निविदा सूचना//**

ग्वालियर दिनांक 12/06/2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयमक प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_328064_2 dated 11-06-24 | Supply of Led 70 watt of ward samiti 03 File No. 65/23X6/4 | 30 days 3389289/-/- | Rs 5,000/- Rs 25,419/- | 25.06.2024 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

**नोडल अधिकारी (विद्युत)**
**नगर पालिक निगम ग्वालियर**

R.O. क्र. 249 दि. 12/06/24

# संपादकीय

## नई व्यवस्था से छात्रों को राहत और सहूलियत




यह नियम शैक्षणिक संस्थाओं के लिए बाध्य नहीं है। पर निस्संदेह इस नए नियम से बहुत सारे विद्यार्थियों को लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष में दो बार दाखिले की प्रक्रिया शुरू करने का नियम बना दिया है। इस तरह जो विद्यार्थी बोर्ड नतीजे देर से आने या किन्हीं स्वास्थ्य कारणों से प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा लेने से वंचित रह जाते हैं और उन्हें पूरे एक वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है, उन्हें इस नियम से काफी सहूलियत हो जाएगी। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से कहा है कि वे जुलाई-अगस्त के अलावा जनवरी-फरवरी में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करें। हालांकि यह नियम शैक्षणिक संस्थाओं के लिए बाध्य नहीं है। पर निस्संदेह इस नए नियम से बहुत सारे विद्यार्थियों को लाभ मिल सकता है। नतीजे देर से आने की वजह से बहुत सारे विद्यार्थी शैक्षणिक संस्थानों में नियमित दाखिला नहीं ले पाते और मजबूरी में उन्हें पत्राचार आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना पड़ता है। मगर यह नियम कितने शैक्षणिक संस्थानों के लिए व्यावहारिक होगा, देखने की बात है।

दरअसल, अधिकतर विश्वविद्यालयों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों का सत्र जुलाई-अगस्त से ही शुरू हो जाता है। उनमें से बहुत सारे संस्थानों में सेमेस्टर प्रणाली लागू है। उसी के मुताबिक पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं का निर्धारण किया जाता है। इसलिए लगभग हर संस्थान की कोशिश होती है कि वह जुलाई-अगस्त में ही अपनी निर्धारित सीटों पर दाखिला ले ले। ऐसे में जनवरी-फरवरी में सीटें बची रहने की संभावना बहुत कम रहेगी। उन्हीं संस्थानों में सीटें खाली रह सकती हैं, जिनमें कुछ विद्यार्थी दाखिले के बाद संस्थान छोड़ कर चले गए हों। फिर, जनवरी-फरवरी में दाखिला देने के बाद संस्थानों के सामने अड़चन यह आएगी कि नए विद्यार्थियों को पिछले पांच-छह महीनों में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम कैसे पढ़ाएं। पहले सेमेस्टर की उनकी परीक्षा कैसे लें। फिर, दाखिले की प्रक्रिया को सुविधाजनक बना देने भर से विद्यार्थियों को कितना लाभ मिलेगा, कहना मुश्किल है, क्योंकि सरकारी संस्थानों में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के मुताबिक पर्याप्त सीटें नहीं हैं। जब तक सीटें नहीं बढ़ेंगी, नए संस्थान नहीं खुलेंगे, तब तक सामान्य आय वर्ग के विद्यार्थियों की मुश्किलें आसान नहीं होंगी। प्रवेश संबंधी नए नियमों का फायदा निजी संस्थानों को जरूर मिल सकेगा।

# निवेश: बाजार तो ऐसे ही चलता है, इसलिए जरूरी है दीर्घकालीन दृष्टिकोण

**जब बाज़ार एक ही दिन या छोटी अवधि में ऊपर-नीचे होता रहता है, तो इसका मतलब है कि बाजार अस्थिर है। जाहिर है, एक आम निवेशक इस अस्थिरता को चिंता का कारण मान सकता है, लेकिन ऐसा होना नहीं चाहिए, क्योंकि जिस तरह हमारे दिल की धड़कन ऊपर-नीचे होती रहती है, जो हमें जीवित रखती है, उसी तरह शेयर बाजार के सूचकांक शेयर बाजार को गतिमान रखने के लिए ऊपर-नीचे होते रहते हैं। इस अर्थ में, यदि बाजार का सूचकांक सपाट यानी स्थिर है, तो इसका मतलब है कि यह यानी बाजार मरा हुआ है, ठीक उसी तरह, जैसे दिल की धड़कन रुकने पर कोई व्यक्ति मर जाता है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कई कारक होते हैं, जिनमें स्थानीय एवं वैश्विक समाचार से लेकर राजनीतिक नतीजे, व्यापार चक्र और डर इत्यादि शामिल रहते हैं।**



निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण यह है कि वे बाजार के दीर्घकालीन दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर निवेश करना जारी रखें। अल्पावधि में उतार-चढ़ाव तो होंगे, लेकिन ये सभी निवेश का हिस्सा हैं। शेयर बाजार न केवल चार जून की गिरावट से उबर गया है, बल्कि यह तीन जून के उच्चतम स्तर को भी पार कर गया है। शेयर बाजारों में निवेश करना कमजोर दिलवालों का काम नहीं है, खासकर तब, जब बाजार अस्थिर हो। जब बाजार एक ही दिन या छोटी अवधि में ऊपर-नीचे होता रहता है, तो इसका मतलब है कि बाजार अस्थिर है। जाहिर है, एक आम निवेशक इस अस्थिरता को चिंता का कारण मान सकता है, लेकिन ऐसा होना नहीं चाहिए, क्योंकि जिस तरह हमारे दिल की धड़कन ऊपर-नीचे होती रहती है, जो हमें जीवित रखती है, उसी तरह शेयर बाजार के सूचकांक शेयर बाजार को गतिमान रखने के लिए ऊपर-नीचे होते रहते हैं। इस अर्थ में, यदि बाजार का सूचकांक सपाट यानी स्थिर है, तो इसका मतलब है कि यह यानी बाजार मरा हुआ है, ठीक उसी तरह, जैसे दिल की धड़कन रुकने पर कोई व्यक्ति मर जाता है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कई कारक होते हैं, जिनमें स्थानीय एवं वैश्विक समाचार से लेकर राजनीतिक नतीजे, व्यापार चक्र और डर इत्यादि शामिल रहते हैं। फिर भी कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनके कारण शेयर बाजार चरम स्थिति में पहुंच जाता है। विगत चार जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आने शुरू हुए थे, तब जिस तरह की चरम स्थितियां देखी गई थीं, वैसी घटना हाल के समय में वर्ष 2021 में कोविड लॉकडाउन की घोषणा के समय देखी गई थी। उस दिन यानी चार जून को, एस ऐंड पी बीएसई सेंसेक्स में 4,000 से अधिक अंकों और लगभग छह फीसदी की भारी गिरावट देखी गई, जो अभूतपूर्व थी। ऐसा लग रहा था, मानो घरेलू और विदेशी, दोनों निवेशक भारतीय बाजारों से बाहर निकलना चाहते थे। चुनाव परिणाम के दिन भारतीय शेयर बाजार में आई गिरावट पर बात करने से पहले हमें विगत 19 मई की ओर लौटना चाहिए, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक टेलीविजन चैनल से बात करते हुए कहा था कि चार जून को शेयर बाजार रिकॉर्ड तोड़ देगा। ऐसा नहीं है कि सिर्फ उन्होंने ही ऐसा कहा था, बल्कि लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के दौरान उनके मंत्रिमंडल के कई प्रमुख सदस्यों ने इस तरह की टिप्पणी की थी। सत्तारूढ़ पार्टी के इस आत्मविश्वास को निवेशकों ने बाजार में निवेश करने के संकेत के रूप में समझा। नतीजतन मई के अधिकांश दिनों में, चुनावों के अंतिम चरण तक बीएसई सेंसेक्स ज्यादातर दिनों में बढ़ता ही रहा। इसे इस बात का संकेत माना गया कि बाजार सरकार की वापसी और उसकी नीतियों की निरंतरता में यकीन रखती है। बाजार के लिए जनता के मूड से संकेत लेना और भी दिलचस्प हो गया, क्योंकि एक जून को आए एग्जिट पोल में भाजपा की स्पष्ट और बड़ी जीत की भविष्यवाणी की गई थी। स्वाभाविक रूप से तीन जून को जब बाजार खुले, तो बाजार में भारी खरीदारी देखी गई। एग्जिट पोल के नतीजों के बाद सेंसेक्स में 2,600 अंकों की बढ़ोतरी देखी गई। दरअसल, तीन जून को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 6,851 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने, जिनमें बैंक, बीमा कंपनियां, म्यूचुअल फंड और अन्य भारतीय संस्थान शामिल हैं, 1,914 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। हालांकि अगले ही दिन जब मतगणना शुरू हुई, तो चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं हुईं, खासकर शुरुआती रुझानों में। सरकार गठन को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण शेयर बाजार के सेंसेक्स में दिन भर उतार-चढ़ाव देखा गया और यह 4,300 अंक से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी निवेशकों ने करीब 1.5 अरब डॉलर के भारतीय शेयर बेचे, जबकि घरेलू निवेशकों ने भी 3,300 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की। बहुत से ऐसे सट्टेबाज थे, जिन्होंने सिर्फ ट्रेंड्स और सुनी गई खबरों के आधार पर ही बाजार में अपना पैसा लगाया था। यह भी संभव है कि इनमें कुछ नए निवेशक भी हों, जो बाजार के जोखिमों को नहीं समझते हों और सिर्फ अटकलों पर ही भरोसा करते हों। उन्होंने भी पैसे गंवाए, क्योंकि उन्होंने बाजार में गिरावट शुरू होते ही डर के मारे अपने पैसे निकाल लिए। अब एक ही दिन में 30 लाख करोड़ रुपये के नुकसान का आंकड़ा बताया जा रहा है। यह जरूरी नहीं कि इनमें से सारा पैसा निवेशकों का ही हो, क्योंकि नुकसान उठाने वालों में कई व्यापारी भी थे, जो बाजार के खिलाफ दांव लगाकर पैसे बनाने के लिए जाने जाते हैं। अन्य चर्चाओं के विपरीत, शेयर बाजार हर दिन को अलग-अलग तरह से देखता है, लेकिन यह भविष्य की संभावनाओं पर भी निगाहें रखता है। इसलिए बाजार की चाल से अवगत होने के कुछ ही दिनों के भीतर सेंसेक्स न केवल चार जून की गिरावट से उबर गया है, बल्कि यह तीन जून के उच्चतम स्तर को भी पार कर गया है। असल में इसने 10 जून को एक नई ऊंचाई को छुआ और उम्मीद है कि भविष्य में यह और आगे जाएगा। निवेशकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे बाजार के दीर्घकालीन दृष्टिकोण को ध्यान में रखें और बाजार में निवेश करना जारी रखें।

शेयर बाजार में अल्पावधि में उतार-चढ़ाव तो होंगे, लेकिन ये सभी निवेश का हिस्सा हैं। एक निवेशक के तौर पर आपको इस बात का पता होना चाहिए कि अल्पावधि में बाजार कैसे काम करता है और दीर्घकाल में यह निवेशकों को कैसे फायदा पहुंचाता है। जिस तरह से गर्मी से बचने की तैयारी के लिए बाहर के तापमान के बारे में जानकारी होनी चाहिए, उसी तरह से निवेश करने वाले व्यक्ति या संस्थाओं के लिए बाजार की चाल से अवगत होना जरूरी है। आपको उन कारकों के बारे में पता होना चाहिए, जो शेयर बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं। साथ ही ऐसे निवेशों पर अपना भरोसा बनाए रखकर दांव लगाना चाहिए, जो अस्थायी उतार-चढ़ाव के बावजूद बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

# दुनिया मेरे आगे : अहं का विसर्जन

# चिट्ठियों का जमाना और मन की कसक

चिट्ठियों को देखे मानो जमाना हो गया है। चिट्ठियों का यों इतिहास हो जाना दुखद है। इनका कोई संग्रहालय भी शायद ही देश में कहीं हो। आधुनिक पीढ़ी चिट्ठियों से पूरी तरह अनभिज्ञ जान पड़ती है। जिस पीढ़ी ने चिट्ठियों का समय देखा है, वह चिट्ठियों के इंतजार की कसक को जानती है। दुनिया तेजी से बदल रही है। इस बदलाव के बीच कुछ समय पहले के भी बहुत से आविष्कार और साधन पुराने लगने लगे हैं। महज दो दशक में कई साधन या सामान बाजारों से गायब हो चुके हैं या फिर बहुत मुश्किल से मिलते हैं। दृश्य और सुनने के प्रसंगों को बांध कर तथा उसमें खो जाने के पलों को देने वाले आडियो-वीडियो कैसेट और सीडी इतिहास होते दिखाई देते हैं। बंगलुरु के एक संग्रहालय में गीत-संगीत की दुनिया में समय के साथ उतरते और गायब होते संसाधनों को बड़े रोचक तरीके से संभाल कर रखा गया है। न केवल इन्हें, बल्कि अनेक भारतीय वाद्ययंत्रों को भी बड़ी ही खूबसूरती से संजोकर रखा गया है। ये वाद्ययंत्र हमारी गौरवशाली संस्कृति की धरोहर हैं। आज की नई पीढ़ी बड़े आश्चर्य से इन्हें देखती है। यह अविष्कारों को लेकर एक उदाहरण मात्र है। पत्र और चिट्ठियां तो पहले ही इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुकी हैं। ऐसी कई चीजें, जिनके साथ कुछ समय पहले तक अपना वक्त गुजारते थे, वे हमारा सहारा होती थीं, वे अब खोजे नहीं मिलतीं। हालांकि हमारी रफ्तार भी थोड़ी बढ़ गई है, इसलिए वे चीजें तभी याद आती हैं, जब हम किसी वक्त खाली होते हैं या फिर हमें उनकी जरूरत महसूस होती है। चिट्ठियों को देखे मानो जमाना हो गया है। चिट्ठियों का यों इतिहास हो जाना दुखद है। इनका कोई संग्रहालय भी शायद ही देश में कहीं हो। आधुनिक पीढ़ी चिट्ठियों से पूरी तरह अनभिज्ञ जान पड़ती है। जिस पीढ़ी ने चिट्ठियों का समय देखा है, वह चिट्ठियों के इंतजार की कसक को जानती है। उसकी खुशबू और स्पर्श को पहचानती है। शब्दों के सहारे वाक्यों में पिरोई गई भावनाओं को महसूस कर सकती है। हां, यह जरूर है कि वक्त के साथ बदलते स्वरूप में वह पीढ़ी भी चिट्ठियों के मौजूदा स्वरूप के साथ जीने की अभ्यस्त हो चली है और अब उसे ही स्वीकार करना उसकी मजबूरी हो गई। चिट्ठियों के पुराने दौर को याद करना ही उसकी नियति रह गई है। आमतौर पर चिट्ठियों का प्रथम वाक्य कुशल क्षेम पूछने और बताने से शुरू हुआ करता था। इसकी भाषा और वाक्य विन्यास सभी चिट्ठियों में लगभग एक-सा होता था। प्रथम वाक्य कुछ इस प्रकार हुआ करता था- 'आप लोगों के आशीर्वाद से मैं यहां ठीक हूं। उम्मीद है, आप लोग भी वहां पर अच्छी तरह से होंगे।' अगर चिट्ठी लिखने वाले को अपने घर के सभी सदस्यों की कुशल-क्षेम बताना हो तो वह 'हम यहां ठीक हैं' लिखता था। एक से अधिक के लिए 'मैं' के संबोधन की जगह बातचीत में 'हम' का प्रयोग किया जाता है। कई हिंदीभाषी क्षेत्रों में एक के लिए भी, 'मैं' की जगह 'हम' का प्रयोग होता है। जैसे 'मैंने यह कार्य किया है' की जगह लोग कहते हैं 'हमने यह कार्य किया है'। ऐसा माना जाता है कि 'मैं' ज्यादा व्यक्तिपरक संबोधन है, जबकि 'हम' में नजाकत जान पड़ती है। हालांकि ऐसा कहने में 'हम' भी व्यक्तिपरक तो है, मगर इसमें सामूहिकताबोध भी छिपा है। जब कोई व्यक्ति अपनी बातों को रखते हुए बार-बार 'हम' शब्द का प्रयोग करता है तो वह अनजाने ही भाषा के तकाजों से दूर चला जाता है, मगर सामूहिकता का एक रूपक रचता है। यों जरूरी यह है कि भाषा के दायरे का विस्तार हो, न कि क्लिष्टता के प्रति सम्मोहन के बीच दायरे निरंतर छोटे होते जाएं। बहरहाल, चिंतक मानते हैं कि व्यक्ति स्वभावत~ स्वार्थी होता है। वह बिना स्वार्थ के कोई भी कार्य नहीं करता। यहां तक कि एक दानदाता भी दान देते समय उससे मिलने वाले सुख के लोभ में पड़ जाता है। उसे दान का सुख प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि, सम्मान जैसे कई रूप में दिखाई देता है। इसलिए शास्त्रों में निस्वार्थ दान की महत्ता बताई गई है। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में 'गुप्त दान' को निस्वार्थ दान की श्रेणी में माना जा सकता है। हित के कार्य भी निस्वार्थ भाव से किए जाने चाहिए। अगर दानदाता पर अहंकार हावी हो जाए तब ऐसा दान, दान नहीं रह जाता, स्वार्थ बन जाता है। दान में निस्वार्थ तटस्थता होना चाहिए। अपनी आवश्यकताओं से अतिरिक्त दान तो अच्छा है ही, लेकिन आवश्यकताओं को सीमित करके किया गया दान सर्वश्रेष्ठ होता है। ऐसे दान से अहं का क्षरण होता है। अहं यानी अहंकार। किसी महकमे के दफ्तरों में कितने ही अधिकारी अपने अधीनस्थ से कठिन कार्य की जटिल गुत्थी को उन पर दबाव बनाकर सुलझवा लेते हैं, लेकिन ऊपर वाले अधिकारी के सामने संपन्न किए गए कार्य को ऐसे प्रस्तुत करते हैं कि अभीष्ट कार्य को उन्होंने खुद ही सफलतापूर्वक संपन्न किया है। वे कहते हैं, 'यह कार्य मैंने किया है।' ऐसा करके वे अपने अहं की तुष्टि करते हैं और अहंकारी बन बैठते हैं। अपने अधीनस्थ द्वारा की गई मेहनत को गौण करार देते हैं। आमतौर पर जब व्यक्ति का अहं जागता है तब स्वयं को 'मैं' से संबोधित करने वाला व्यक्ति सब कुछ का स्रोत खुद को मानने लगता है। हालांकि सभी कार्यों का श्रेय लेने के भाव में 'मैं' का प्रयोग करना भी अहंकार है, लेकिन इसके लिए 'मैं' को जरा दंभ के साथ बोलना पड़ता है। रोजमर्रा के जीवन में यह देखा जा सकता है। व्यक्ति आवेश में आकर कहता है, 'किसी को क्या मालूम, वह हम ही हैं, जिसने पूरी जिम्मेदारी उठाई हुई है। हक तो हमारा ही सबसे अधिक बनता है।' वहीं कुछ लोग संस्था या समूह के किए गए कार्यों के बारे में भी 'मैंने कराया' का भाव परोसते हैं। बहरहाल, जान लेना जरूरी है कि शब्दों का प्रयोग और भाषा का इस्तेमाल ही व्यक्ति को समझदार ठहराता है।

# मणिपुर में उपद्रवियों के हौसले बढ़े

**प्रशासन और सुरक्षाबलों ने इच्छाशक्ति दिखाई होती, तो बहुत पहले इस समस्या का समाधान निकल गया होता। मगर उनकी भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। इसी का नतीजा है कि सोमवार को उपद्रवियों ने घात लगा कर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफिले पर हमला कर दिया। गनीमत है कि उसमें सिर्फ एक सिपाही घायल हुआ, कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इससे वहां के उपद्रवियों के हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि इतने लंबे समय से वहां अशांति का वातावरण है, मगर उसे हल करने की कोशिश नहीं की गई।**

मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष, एक भ्रमपूर्ण बयान की वजह से भड़क उठा था। हालांकि अब वहां की अदालत खुद इस संभावना को खारिज कर चुकी है कि मैतेई समुदाय के लोगों को जनजातीय समुदाय का दर्जा दिया जाना चाहिए। एक वर्ष से अधिक समय बीत गया, मगर अभी तक मणिपुर में खूनी संघर्ष समाप्त नहीं हो पाया है। शुरू से ही वहां शांति बहाली के प्रयास शिथिल नजर आते हैं। प्रशासन और सुरक्षाबलों ने इच्छाशक्ति दिखाई होती, तो बहुत पहले इस समस्या का समाधान निकल गया होता। मगर उनकी भूमिका संदिग्ध बनी हुई है। इसी का नतीजा है कि सोमवार को उपद्रवियों ने घात लगा कर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफिले पर हमला कर दिया। गनीमत है कि उसमें सिर्फ एक सिपाही घायल हुआ, कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। इससे वहां के उपद्रवियों के हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि इतने लंबे समय से वहां अशांति का वातावरण है, मगर उसे हल करने की कोशिश नहीं की गई। इसे प्रथमिकता में रखते हुए शांति बहाली का प्रयास किया जाना चाहिए। पिछले दस वर्षों से वहां शांति का वातावरण था। हालांकि भागवत ने भी इस मामले में बयान देने में काफी वक्त लगा दिया। इसे लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल उठाते रहे हैं। संसद में भी प्रश्न पूछे गए, मगर कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका। अभी तक पूछा जाता है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री क्यों खामोश हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष, एक भ्रमपूर्ण बयान की वजह से भड़क उठा था। हालांकि अब वहां की अदालत खुद इस संभावना को खारिज कर चुकी है कि मैतेई समुदाय के लोगों को जनजातीय समुदाय का दर्जा दिया जाना चाहिए। मगर न तो राज्य और न केंद्र सरकार मणिपुर के खूनी संघर्ष को रोक पाई है। शुरू में जरूर केंद्रीय गृहमंत्री वहां गए थे, मगर फिर कोई उल्लेखनीय कार्रवाई नहीं हो सकी। बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच और कार्रवाई के लिए समितियां गठित कर दी, मगर उसका भी कोई नतीजा नजर नहीं आ रहा। पिछले वर्ष मई में शुरू हुए इस संघर्ष में अब तक सवा दो सौ से अधिक लोगों के मारे जाने, चार सौ से अधिक लोगों के घायल होने, हजारों घरों के जलाए जाने और साठ हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होकर राहत शिविरों में शरण लेने के तथ्य उजागर हैं।

सरकारों को अब यह बहाना जरूर मिल गया है कि मणिपुर के संघर्ष को रोकने की कार्रवाई सर्वोच्च अदालत की निगरानी में चल रही है, इसलिए वे इसमें बहुत हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। मगर यह उनका अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेने का एक और तरीका है। यह समझना मुश्किल है कि कैसे कोई भी कल्याणकारी सरकार अपने नागरिकों को इस तरह मारकाट करते देखती रह सकती है। राज्य सरकार तो इस मामले में शुरू से नाकाम साबित हुई है, मगर केंद्र सरकार ने इस पर अपेक्षित गंभीरता क्यों नहीं दिखाई, समझ से परे है। जिस तरह वहां महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया, उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया, उससे पूरी दुनिया में देश की छवि खराब हुई। मणिपुर के लोगों का सरकार और प्रशासन पर से भरोसा उठ चुका है। गांव वाले खुद सुरक्षा दल बना कर पहरेदारी करते और उपद्रवियों से बचने की कोशिश करते हैं। यानी वहां के लोगों को एक तरह से उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। संघ प्रमुख की मणिपुर को लेकर प्रकट की गई चिंता को केंद्र सरकार कितनी गंभीरता से लेती है, देखने की बात है।

# क्यों नाराज है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ?

**मोहन भागवत के शब्दों को देखिए - 'एक सच्चा सेवक काम करते समय मर्यादा बनाए रखता है... जो मर्यादा बनाए रखता है, वह अपना काम करता है, लेकिन अनासक्त रहता है। इसमें कोई अहंकार नहीं है कि मैंने यह किया है। केवल ऐसे व्यक्ति को ही सेवक कहलाने का अधिकार है। मोहन भागवत ने संभवत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ ही इशारा करके कहा है कि चुनाव में शिष्टाचार का ध्यान नहीं रखा गया। रविवार को शपथ ग्रहण के बाद अगले दिन जिस समय नई गठबंधन सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हो रही थी, ठीक उसी समय मोहन भागवत नागपुर में स्वयंसेवकों के विकास वर्ग के समापन कार्यक्रम में आरएसएस पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।**

संघ जिस बात का खंडन किया जा रहा था, या जिस पर बोलने से इंकार किया जा रहा था, वह बात अब खुल कर सामने आ गई है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाजपा, भाजपा सरकार और खासकर नरेंद्र मोदी से बेहद खफा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत या कोई बड़ा पदाधिकारी मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हुआ था। अब सरसंघचालक मोहन भागवत का बयान सामने आ गया है, जिसमें उन्होंने नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना कहा - ÷सच्चे सेवक में अहंकार नहीं होता और वह दूसरों को कोई चोट पहुंचाए बिना काम करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे जिन्होंने कहा था कि वह प्रधानमंत्री नहीं प्रधान सेवक हैं। मोहन भागवत के शब्दों को देखिए - ÷एक सच्चा सेवक काम करते समय मर्यादा बनाए रखता है... जो मर्यादा बनाए रखता है, वह अपना काम करता है, लेकिन अनासक्त रहता है। इसमें कोई अहंकार नहीं है कि मैंने यह किया है। केवल ऐसे व्यक्ति को ही सेवक कहलाने का अधिकार है। मोहन भागवत ने संभवत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ ही इशारा करके कहा है कि चुनाव में शिष्टाचार का ध्यान नहीं रखा गया। रविवार को शपथ ग्रहण के बाद अगले दिन जिस समय नई गठबंधन सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हो रही थी, ठीक उसी समय मोहन भागवत नागपुर में स्वयंसेवकों के विकास वर्ग के समापन कार्यक्रम में आरएसएस पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। चुनावों के दौरान ऐसी कई खबरें आई थीं कि संघ के स्वयंसेवक इस बार भाजपा उम्मीदवारों के लिए पहले जैसी ऊर्जा से काम नहीं कर रहे। ये खबरें कितनी सही थी, कितनी गलत, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन चुनाव नतीजों के बाद इन खबरों को ज्यादा हवा मिली कि यह संघ की नाराजगी का प्रतिफल है कि भाजपा को महाराष्ट्र, कर्नाटक, बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान और हरियाणा में काफी सीटों का नुकसान झेलना पड़ा। सरसंघचालक मोहन भागवत के इन दो वाक्यों ने इसकी पुष्टि ही की है कि संघ कुछ कारणों से भाजपा से नाराज है। चुनावों के दौरान ऐसी दो बातें हुई थीं, जिनसे संघ की तथाकथित नाराजगी की खबरें बनी थी। एक तो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का वह बयान था, जिसे मीडिया ने तोड़ मरोड़ कर पेश किया था कि भाजपा संघ पर निर्भर नहीं है, वह सक्षम है, और उसे संघ की जरूरत नहीं है। हालांकि जेपी नड्डा ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया था। जेपी नड्डा ने कहा था कि - ÷हर किसी का अपना काम है, आरएसएस एक सांस्कृतिक संगठन है और भाजपा राजनीतिक संगठन है। शुरुआत में हम कम सक्षम थे और हमें आरएसएस की जरूरत थी। आज हम बड़े हो गए हैं और हम सक्षम हैं, भाजपा खुद को चलाती है, यही अंतर है। दोनों संगठनों में एक दूसरे का बहुत सम्मान है। मीडिया में कुछ लोग आरएसएस और भाजपा संबंधों पर अटकलें लगाना पसंद करते हैं। वे षड्यंत्र के सिद्धांत और मिथक फैलाते हैं। लेकिन उनके इस कथन को अन्य मीडिया ने उसी तरह तोड़मरोड़ कर पेश किया जैसी नड्डा ने आशंका व्यक्त की थी। नड्डा ने यह कभी नहीं कहा था कि भाजपा को संघ की जरूरत नहीं है। यह बिलकुल वैसा ही हो गया, जैसे करीब 30 साल पहले दिल्ली के एक हिन्दी दैनिक में छपे एक लेख ने गोविन्दाचार्य की ओर से अंग्रेजी में कहे गए एक शब्द का हिन्दी रूपान्तर ऐसा कर दिया था कि अटल बिहारी वाजपेयी बुरा मान गए थे। एक विदेशी प्रतिनिधिमंडल भाजपा मुख्यालय में पार्टी महासचिव गोविन्दाचार्य से मिलने आया था। बातचीत में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य ने पूछा कि आप कांग्रेस का विकल्प कैसे बन सकते हैं, जबकि आपके नेता लालकृष्ण आडवानी कट्टर हिंदूवादी नेता के तौर पर माने जाते हैं। तो गोविंदाचार्य ने कहा था कि ÷अवर फेस इज ए वेरी लिबरल अटल बिहारी वाजपेयी। यानी पार्टी का चेहरा बहुत ही उदारवादी अटल बिहारी वाजपेयी हैं, लेकिन लेख में चेहरे की जगह अटल बिहारी वाजपेयी को मुखौटा लिखा गया था7 लेकिन मीडिया की ओर से फैलाई गई झूठी खबर का संघ स्वयंसेवकों पर असर नहीं पड़ा होगा, ऐसा नहीं कहा जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर नहीं गए थे। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर भी बोला।



# भारत फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर्स से बाहर कतर ने 2-1 से हराया, गोल को लेकर हुआ विवाद

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में भारत के पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। कतर से मिली 2-1 से हार के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स से बाहर हो गई है।

अगला फीफा वर्ल्ड कप 11 जून, 2026 से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होना है। वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर्स खेले जा रहे हैं। मंगलवार को दोहा के जसीम बिन अहमद स्टेडियम में भारत और कतर के बीच मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय टीम शुरुआत से ही आगे चल रही थी। हालांकि, खराब रेफरिंग के कारण कतर को पहली बढ़त मिली और टीम ने 2-1 से मैच जीत लिया। इसी के साथ भारत वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स के तीसरे राउंड में पहुंचने से चूक गया।



**भारतीय टीम को पहले हाफ में मिली बढ़त**

भारतीय टीम ने पहले ही हाफ में गोल कर कतर से 1-0 से बढ़त बना ली। खेल के 37वें मिनट में लालियानजुआला चांगते को ब्रेंडन ने गोल बॉक्स के किनारे से पास दिया। चांगते ने स्लाइड कर गोल किया और भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई।

**खराब रेफरिंग के कारण कतर ने किया स्कोर बराबर**

मुकाबले के दूसरे हाफ में 75वें मिनट पर कतर के यूसुफ अयमन ने हेड शॉट खेला। भारत के गोलकीपर गुरप्रीत ने हेडर रोकना चाहा और बॉल गेम लाइन के बाहर चली गई। हालांकि, रेफरी की ओर से कोई विसिल नहीं बजाई गई। इसके बाद कतर के अल हसन ने गेंद को अंदर लिया और अयमन ने गोल कर दिया। इस पर भारतीय खिलाड़ियों ने बॉल के गेम लाइन से बाहर जाने के बाद गोल करने पर विरोध किया।

रीप्ले में देखने के बाद रेफरी ने कतर के हक में फैसला सुनाया और कतर का स्कोर 1-1 से बराबर हो गया।

**अहमद अल रावी ने गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया**

मैच के 85वें मिनट में अहमद अल-रावी ने कतर के लिए दूसरा गोल कर टीम को 2-1 से जील दिलाई।

उन्होंने भारत के गोल बॉक्स के किनारे से शानदार किक किया जिसको गोलकीपर गुरप्रीत रोक नहीं सके। दूसरे हाफ में भारतीय टीम कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं, दूसरे क्वालिफायर में कुवैत ने अफगानिस्तान को 1-0 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई।

# हर प्रेजेंटेशन में बाबर गेंदबाजों को हार का जिम्मेदार बताते है - शाहिद अफरीदी

**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बाबर आजम को कप्तानी से हटा दिया गया था। पीसीबी ने फास्ट बॉलर शाहीन शाह अफरीदी को टीम की कमान सौंपी थी। शाहीन को कप्तानी का सिर्फ एक मौका दिया गया, जिसक लेकर पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने नाराजगी जताई।

वहीं, टी20 वर्ल्ड कप 2024 नजदीक आता देख बाबर आजम को फिर से कप्तान बनाया गया। पाकिस्तान की टीम ने टी20 विश्व कप 2024 में अपने शुरुआती दो मैचों में हार का सामना किया। इसके बाद कनाडा के खिलाफ मैच खेलकर उन्होंने अपनी जीत का खाता खोल लिया।



शुरुआती दो मैचों में मिली हार के बाद पाकिस्तान की टीम के कप्तान बाबर आजम पर पाकिस्तान की टीम ने टी20 विश्व कप 2024 में अपने शुरुआती दो मैचों में हार का सामना किया। इसके बाद कनाडा के खिलाफ मैच खेलकर उन्होंने अपनी जीत का खाता खोल लिया। इस बीच पूर्व पाकिस्तान टीम के ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी (शाहीन शाह अफरीदी के ससुर) ने बाबर को फिर से सपोर्ट करने के फैसले पर नाराजगी जताई।

दरअसल, पाकिस्तान की टीम ने टी20 विश्व कप 2024 में अपने शुरुआती मैचों में अमेरिका और भारत के खिलाफ हार का सामना किया। इस प्रदर्शन को देख 2009 टी20 विश्व कप विनर शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान के न्यूज चैनल से बातचीत करते हुए कहा कि हर इंसान की सोच है। मैं इसको इस तरह लेता हूं कि मेरी नजर में, दुनिया की नजर में, बाबर आजम की इज्जत और ज्यादा ऊपर हो जाती अगर वो ये स्टैंड लेता अपने प्लेयर्स के लिए कि मैं शाहीन की कप्तानी में खेलना चाहता हूं... शाहीन को अगर बना दिया कप्तान तो ये गलत तरीका है कि आप उसको फौरन कप्तानी से हटा दें।

शाहिद अफरीदी ने बाबर आजम की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि हर प्रेजेंटेशन में बाबर गेंदबाजों को हार का जिम्मेदार बताते है। वह कभी खुद जिम्मेदारी खुद पर नहीं लेते। मैंने कभी सुना नहीं कि बैटर्समैन पर भी हार का ठीकना फोड़ा गया हो।

# टी20 वर्ल्ड कप फार्मेट में हेजलवुड ने की नाराजगी जाहिर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड में एंट्री कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 9 विकेट से रौंदने के बाद अगले दौर में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया ने एंटीगुआ के मैदान पर में नामीबिया को 72 रन पर ढेर कर दिया और 5.4 ओवर में आसानी से टारगेट चेज कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने मैच के बाद मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के फॉर्मेट पर सवाल उठाए। हेजलवुड का कहना है कि यह बेहद अजीब बात है कि उनकी टीम का बेहतर रनरेट सुपर-8 में कोई मायने नहीं रखेगा। ऑस्ट्रेलिया का नेट रनरेट फिलहाल प्लस 3.580 का है और वो 6 अंकों के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर काबिज है।



हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलिया वर्सेस नामीबिया मैच के बाद मीडिया से कहा, यह वास्तव में थोड़ा अजीब है क्योंकि ऐसा होता नहीं है। मैंने जितने खेले हैं उनमें संभवत, यह पहला टी20 वर्ल्ड कप है जिसका फॉर्मेट इस तरह से तैयार किया गया है। इसलिए यह थोड़ा भिन्न है। उन्होंने कहा, यह इस तरह का फॉर्मेट है कि इसमें पहले चरण में आप कितना भी अच्छा प्रदर्शन करो या आप अजेय रहते हुए बेहतर नेट रनरेट के साथ आगे बढ़ो तो भी सुपर 8 में वो खास मायने नहीं रखेगा। इसलिए यह थोड़ा अजीब है लेकिन इसको इसी तरह से तैयार किया गया है। ऑस्ट्रेलियई टीम ग्रुप चरण का चौथा और आखिरी मैच 15 जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलेगी।

बता दें कि टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहली बार इतनी टीमें टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमों को सुपर-8 में एंट्री मिलेगी, जिसके बाद टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा।

इनमें से प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। वहीं, पिछले बार जब 2022 में टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था, तब चोटी की टीमों ने सुपर-12 राउंड से अपने अभियान का आगाज किया था। टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया था और हर ग्रुप से टॉप-2 टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। टी20 वर्ल्ड कप 2022 इंग्लैंड की टीम ने जीता था।

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार की बादशाहत बरकरार, बाबर आजम तीसरे स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने यूएसए और वेस्ट इंडीज में चल रहे टी20 वर्ल्ड कप के बीच आईसीसी ने बुधवार को टी20 रैंकिंग जारी की। जिसमें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह आईसीसी मेन्स टी20 बैटिंग रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम की पिछले कुछ दिनों से खराब प्रदर्शन के लिए जमकर आलोना हो रही है। भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव एक बार फिर शीर्ष पर बरकरार हैं। क्योंकि वह नंबर 1 टी 20 आई बैटर के रूप में अपना वर्चस्व जारी रखते हैं। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने टॉप-10 में जगह बनाई है।



अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी ने टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में दो विकेट चटकाए थे। अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया था। नबी ने दो स्थान की छलांग लगाई। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टायनिस को तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह दूसरे स्थान पर हैं। शाकिब अल हसन पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। नबी के अलावा अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई है। रहमानुल्लाह गुरबाज जारी टी 20 विश्व कप 2024 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं, उन्होंने 2 मैचों में 154 रन बनाए हैं।

इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर हैं, जबकि श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट चटकाए। फजलक फारूकी टी20 विश्व कप 2024 में नौ विकेट लेकर चौथे पायदान पर पहुंच गए हैं।

## व्यापार

# एंकर प्रदीप पंड्या बाजार से 5 साल के लिए बैन, एनालिस्ट अल्पेश पर भी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी, सेबी ने छ्हक्ष्ट आवाज के पूर्व एंकर प्रदीप पंड्या और टेक्निकल एनालिस्ट अल्पेश वासनजी फुरिया पर 1-1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उन्हें सिक्योरिटी मार्केट से पांच साल के लिए बैन भी कर दिया गया है।

सेबी ने छह अन्य पर भी 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है और इन्हें भी 5 साल के लिए सिक्योरिटी मार्केट से बैन किया है। इन छह में - अल्पेश फुरिया, अल्पा फुरिया, मनीष फुरिया, मनीष फुरिया, महान इन्वेस्टमेंट और तोशी ट्रेड शामिल हैं।



**जुर्माना क्यों लगा, ट्रेडिंग में धोखाधड़ी करने के लिए लगा जुर्माना**

इन पर ट्रेडिंग में धोखाधड़ी करने के लिए ये जुर्माना लगा है। सेबी ने कहा कि सीएनबीसी पर प्रदीप पंड्या और अल्पेश फुरिया स्टॉक एडवाइज देने से पहले इसकी जानकारी आपस में शेयर करते थे। ऐसे में अल्पेश ग्रुप की कंपनियां एडवाइज से पहले ही स्टॉक खरीद लेती थीं। सेबी ने जांच करने के लिए प्रदीप पंड्या के स्टॉक रिकमंडेशन से ठीक पहले और 15 मिनट बाद के मूवमेंट को एनालाइज किया। जून 2020 में दोनों के बीच स्टॉक रिकमंडेशन को लेकर हुई वॉट्सएप चैट का भी एनालिसिस किया। सेबी के होलटाइम मेंबर अश्वनी भाटिया कहते हैं, इस आदेश में ऐसे कई उदाहरण बताए गए हैं जहां सीएनबीसी आवाज पर स्टॉक रिकमंडेशन प्रसारित होने के तुरंत बाद शेयरों की कीमत और वॉल्यूम में तेज उछाल देखा गया था। 12 जून 2020 की एक चैट में VS नाम से सुबह 8:43 बजे एक मैसेज किया गया। इसमें कहा गया कि पंड्या अपने शो में एशियन पेंट रिकमेंड करें। टेक्स्ट मैसेज में वीएस ने ये भी बताया था कि उन्होंने पहले ही 1580 और 1560 रुपए के टारगेट के साथ शेयर को 1640 रुपए पर बेचने की सलाह दी है। अल्पेश फुरिया ने ट्रेडिंग से 6.74 करोड़ रुपए का प्रॉफिट कमाया। इसमें से 79.3 प्रतिशत यानी, 5.35 करोड़ का प्रॉफिट सिंक्रोनाइज्ड ट्रेड से कमाया। यानी, प्रदीप के साथ मिलकर कमाया। प्रदीप पंड्या टीवी पर जो स्टॉक एडवाइज देने वाले होते थे उसकी जानकारी अल्पेश को पहले से रहती थी। इसलिए अल्पेश पहले ही स्टॉक खरीदकर रखते थे और एडवाइज के बाद आए शेयरों में उछाल से मुनाफा कमाते थे। सेबी ने कहा कि जब टीवी एंकर इस तरह की जानकारी शेयर करने में शामिल होते हैं, जो पब्लिक के पास नहीं है तो यह न केवल नैतिक मानकों का उल्लंघन है, बल्कि मार्केट डायनमिक्स को भी बिगाड़ता है। ऐसे कृत्य कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाते हैं।

# निफ्टी ने 23,441 का ऑल टाइम हाई बनाया, इसके बाद 23,322 पर बंद हुआ

**नई दिल्ली।** निफ्टी ने 12 जून को नया ऑल टाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान इसने 23,441 को स्तर छुआ। हालांकि इसके बाद निफ्टी थोड़ा नीचे आया और 58 अंक की बढ़त के साथ 23,322 पर बंद हुआ। वहीं सेंसेक्स में भी आज 149 अंक की तेजी देखने को मिली। ये 76,606 के स्तर पर बंद हुआ। एनर्जी और मेटल शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और और 12 में गिरावट रही है।




ट्रैवल एग्रीगेटर इक्सिगो की मूल कंपनी ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ का (12 जून) आखिरी दिन है। ये आईपीओ रिटेल कैटेगिरी में 18 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो चुका है। लिस्ट होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 38 प्रतिशत यानी 36 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ग्रे मार्केट प्राइस के हिसाब से देखें तो अपर प्राइस बैंड 93 के लिहाज से इसकी लिस्टिंग (93+36=129) ?129 पर हो सकती है।

इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 161 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड ?88- ?93 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइस बैंड 93 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,973 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 2093 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 194,649 इन्वेस्ट करने होंगे।

# रिलायंस रिटेल के 'टीरा' ने स्किनकेयर ब्रांड 'अकाइंड' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल के ओमनीचैनल ब्यूटी रिटेल प्लेटफॉर्म टीरा ने स्किनकेयर ब्रांड 'अकाइंड' के लॉन्च की घोषणा की। मीरा कपूर 'अकाइंड' ब्रांड की को-फाउंडर हैं। मुंबई के जियो वर्ल्ड ड्राइव में टीरा के फ्लैगशिप स्टोर में अकाइंड को लॉन्च किया गया। अकाइंड के पोर्टफोलियो में अलग अलग तरह की त्वचा के लिए तीन खास तरह के प्रोडक्ट हैं। इन्हें बिल्ड रेंज, बैलेंस रेंज और डिफेंस रेंज के नाम से मार्केट में उतारा गया है।

लॉन्च पर रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, हम टीरा के ब्रांड पोर्टफोलियो में स्किनकेयर ब्रांड, अकाइंड को शामिल करने पर बेहद उत्साहित हैं। यह लॉन्च एक मील का पत्थर साबित होगा। हर नए लॉन्च के साथ, हम नवाचार और उत्कृष्टता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अकाइंड की को-फाउंडर मीरा कपूर ने कहा, ÷जब मैंने अपनी त्वचा के बारे में जानना शुरू किया तभी से वास्तव में मेरी स्किनकेयर यात्रा की शुरूआत हुई। अकाइंड रेंज को सावधानीपूर्वक देखभाल, परीक्षण और उच्च प्रभावकारिता सामग्री और व्यापक शोध के साथ तैयार किया गया है। यह विशिष्ट समस्याओं के समाधान का काम करती हैं। क्यूरेटेड सौंदर्य ब्रांडों के लिए टीरा एक खास मुकाम है।




# विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का जीडीपी अनुमान, कहा - बनाए रखेगा फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी का टैग

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है, जो कि अनुमान से अधिक मजबूत घरेलू मांग को दर्शाता है। यह संशोधन विश्व बैंक की नवीनतम वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट से आया है।

भारत के विस्तार दर में अनुमानित नरमी के बावजूद दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने की उम्मीद है। विश्व बैंक इस लचीलेपन का श्रेय मजबूत सार्वजनिक निवेश, निजी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि को देता है।




**विकास का समर्थन करने वाले कारक**

बुनियादी ढांचे और अन्य परियोजनाओं पर सरकारी खर्च आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा दे रहा है। लोग व्यवसाय अधिक निवेश कर रहे हैं, जो भविष्य में विश्वास को दर्शाता है। आईटी और वित्त जैसे सेवा उद्योग अच्छा प्रदर्शन करना जारी रख रहे हैं। इससे उपभोक्ता खर्च स्वस्थ बना हुआ है, हालांकि महामारी के बाद की वृद्धि की तुलना में विकास की गति थोड़ी कम हो सकती है।

**विकास परिदृश्य**

विश्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि भारत की जीडीपी 2024 से 2026 तक औसतन 6.7त्न प्रति वर्ष की दर से बढ़ेगी। यह दक्षिण एशिया को वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्र के रूप में स्थापित करता है। भारत सहित उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) में प्रति व्यक्ति जीडीपी वृद्धि अगले तीन वर्षों में औसतन लगभग 3त्न रहने की उम्मीद है। हालांकि, यह महामारी से पहले के औसत से कम है। भारत को उन कुछ ईएमडीई में से एक माना जा रहा है, जिनकी प्रति व्यक्ति वृद्धि लगातार मजबूत बनी हुई है।

**जीडीपी विकास पूर्वानुमान**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में 2024-25 के लिए अपने जीडीपी विकास पूर्वानुमान को संशोधित कर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मॉर्गन स्टेनली, आईएमएफ, मूडीज, ओईसीडी, एडीबी और यूएन जैसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भी 2024 के लिए भारत के विकास अनुमानों में 6.6 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत तक की वृद्धि की है।मजबूत घरेलू मांग और निरंतर सरकारी निवेश के समर्थन से भारत का आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। यद्यपि विकास की गति थोड़ी धीमी हो सकती है, फिर भी देश निकट भविष्य में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी बढ़त बनाए रखने की अच्छी स्थिति में है।

# आरसीए से चौंप स्टेडियम से जुड़े दस्तावेज गायब! लेन-देन संबंधित डॉक्युमेंट्स भी नहीं मिले

## पूर्व कार्यकारिणी ने गड़बड़ की, कानूनी जांच करवाएंगे - जयदीप बिहानी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** आरसीए की एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष जयदीप बिहानी ने पूर्व कार्यकारिणी पर चौंप गांव में बनने वाले स्टेडियम को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- नए स्टेडियम के निर्माण और आरसीए के भुगतान से संबंधित कई महत्वपूर्ण डॉक्युमेंट्स गायब हैं। इसमें पूर्व कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने इसकी शिकायत खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से करने की बात कही है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का खेल परिषद से एमओयू खत्म होने के बाद फरवरी माह में आरसीए पर ताले लगा दिए गए थे। लेकिन, आरसीए की एडहॉक कमेटी ने खेल परिषद के साथ राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के ऑफिस को मंगलवार शाम फिर से खुलवाया। इस दौरान जब दस्तावेजों और अकाउंट्स रिकॉर्ड की जांच की गई। तो बड़ी संख्या में एसोसिएशन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब मिले। जिसके बाद एडहॉक कमेटी के संयोजक जयदीप बिहानी ने इस पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। बिहानी ने बताया कि आरसीए की एडहॉक कमेटी की अनुशंसा के बाद एसदस्यों और क्रीड़ा परिषद के अधिकारियों की देखरेख में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के ताले खुलवाए गए थे। लेकिन, इस दौरान एकाउंट्स डिपार्टमेंट में जयपुर में बनाए जा रहे चौंप स्टेडियम निर्माण और भुगतान से संबंधित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड नहीं मिला। जिसको लेकर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के कर्मचारियों से भी जानकारी मांगी गई। लेकिन उनके पास भी यह रिकॉर्ड नहीं था। ऐसे में अब खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को इस पूरे मामले की रिपोर्ट देकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिहानी ने कहा- पुरानी कार्यकारिणी ने काफी महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब कर रखे हैं। जिनकी जांच होना बेहद जरूरी है। उनकी इन्हीं गड़बड़ी और घोटाला की वजह से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की मौजूदा कार्यकारिणी को भंग कर एडहॉक कमेटी का गठन किया गया था। ऐसे में पुरानी कार्यकारिणी के सभी फसलों का भी रिव्यू किया जा रहा है। ताकि राजस्थान के क्रिकेट और खिलाड़ियों के भविष्य को और बेहतर बनाया जा सके। बता दें कि इसी साल के फरवरी महीने में क्रीडा परिषद ने एक दिन की मोहलत देते हुए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन पर ताले जड़ दिए थे। इस दौरान कई कर्मचारी अकाउंट्स और विभिन्न दस्तावेजों की शिफ्टिंग करते हुए भी नजर आए थे।



## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस : ब्लड डोनेशन कैम्प में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने किया रक्तदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर स्थित डिस्पेंसरी में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान पुलिस के डीजीपी रैंक के अधिकारियों से लेकर जवानों तक 163 रक्तदाताओं ने इस पुण्य कार्य में भागीदारी निभाई। रक्तदान शिविर के शुभारम्भ अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि जीवन बचाने की दिशा में इसकी महत्ता सर्वोपरि है। उन्होंने शिविर में रक्तदान करने वाले अधिकारियों और जवानों की मौके पर हौसला अफजाई करते हुए इस नेक कार्य में आगे आने के लिए उनकी सराहना की। रक्तदान शिविर में पुलिस महानिदेशक, इंटेलीजेंस संजय अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक, एससीआरबी एवं साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी पी. रामजी सहित पुलिस निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं नवनियुक्त प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों सहित पुलिस बल के जवानों ने रक्तदान किया।

## जयपुर : पुलिस थाना हरमाड़ा का सब इंस्पेक्टर 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के निर्देश पर जयपुर नगर प्रथम इकाई ने हरमाड़ा थाने के सब इंस्पेक्टर (एसआई) पुलिस (बैच-2021) सोनूराम को 40 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी थी। इसमें बताया कि परिवादी के खिलाफ दर्ज मामले में परिवार के एक सरकारी कार्मिक को मुल्जिम नहीं बनाने तथा पीसी रिमांड नहीं लेने की एवज में प्रति व्यक्ति 40 हजार रुपए के हिसाब से आरोपी सब इंस्पेक्टर दो लाख रुपए रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा था।

इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि के सुपरविजन मेंएसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। इसके बाद उप अधीक्षक नीरज गुरानानी द्वारा मय टीम के ट्रेप की कार्रवाई करते हुए आरोपी एसआई को चालीस हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।




## कृषक उपहार योजना के तहत राज्य स्तर पर निकाली ऑन-लाइन लॉटरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में बुधवार को पंत कृषि भवन में कृषक उपहार योजना के तहत कृषि विपणन विभाग द्वारा राज किसान पोर्टल पर राज्य स्तरीय ऑन-लाइन लॉटरी निकाली गई। योजना के तहत कृषि उपज मण्डी कोटा के कृषक मंजीत पाल के 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार, हनुमानगढ मण्डी के कृषक शाह मोहम्मद के 1 लाख 50 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार और उदयपुर मण्डी के कृषक प्रभुलाल के 1 लाख रूपये का तृतीय पुरस्कार निकला।

कृषकों को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों के लिए कृषि उपज को ई-नाम के माध्यम से विक्रय करने तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने एवं कृषकों को अपनी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से कृषक उपहार योजना लागू की गई है। योजना के तहत मण्डी स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में गेट पास की विक्रय पर्चियों तथा ई-पेमेन्ट की विक्रय पर्चियों के आधार पर अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय 15 हजार और तृतीय 10 हजार रूपये दिये जाते है। खण्ड स्तर पर प्रत्येक 6 महीने में 50 हजार रूपये, 30 हजार रूपये और 20 हजार रूपये प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार के तौर पर दिये जाते हैं। साथ ही राज्य स्तर पर वर्ष में एक बार प्रथम पुरस्कार 2 लाख 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 25 हजार और तृतीय पुरस्कार 1 लाख रूपये के दिये जाते हैं। इस दौरान निदेशक कृषि विपणन विभाग जय सिंह, अतिरिक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग कौशल्या सांकृत्य, प्रभारी योजना प्रमोद कुमार सत्या और कृषि विपणन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर निगम ग्रेटर ने 109 किलो से अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्त

### 1 लाख 35 हजार रूपये से अधिक का किया जुर्माना

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा पांच दिवसीय 6 जून से 10 जून 2024 तक सिंगल यूज प्लास्टिक जप्ती अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत सभी जोनों द्वारा वार्डो में सिंगल यूज प्लास्टिक जप्ती अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। उपायुक्त (स्वास्थ्य) नवीन भारद्वाज ने बताया कि 6 जून से 10 जून 2024 तक सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त करने के लिये विशेष अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने वाले दुकानदारों, विक्रेताओं, व्यापारियों, स्ट्रीट वेन्डर्स के विरूद्ध कार्यवाही की गई। पांच दिवसीय इस अभियान के तहत 109 किलो से अधिक प्लास्टिक जब्त की गयी साथ ही 1 लाख 35 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। मालवीय नगर जोन की टीम द्वारा बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 5 हजार रूपये जुर्माना वसूल किया गया एवं 5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की गई। इसके साथ ही गंदगी फैलाने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री डालने वाले 13 मकान, प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर 47 हजार 900 रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। झोटवाड़ा जोन की टीमों द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 12 हजार 500 रूपये जुर्माना वसूल कर 14 किलो से भी अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की गई। इसके अतिरिक्त गंदगी फैलाने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री डालने वाले 7 मकान एवं प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर मौके पर ही 33 हजार 900 रूपये जुर्माना राशि वसूल की गई। इसके साथ ही झोटवाड़ा जोन की टीम द्वारा वार्ड नं. 61 टैगोर नगर, वैशाली नगर, अजमेर रोड़ पर सरकारी रोड़ पर पक्का निर्माण कर रास्ते को अवरूद्ध करने पर उस अतिक्रमण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।



## कलागुरु की याद में कैनवास पर उकेरे चित्र

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान ललित कला अकादमी में देशभर के कलाकार और स्कूल ऑफ आर्ट्स के पूर्व स्टूडेंट कलागुरु सुरेंद्रपाल जोशी को ट्रिब्यूट देने के लिए एकजुट हुए। कलाकारों ने %पर्यावरण जागरूकता% और %रक्तदाता आपका आभार% जैसे सामाजिक जागरूकता विषय पर कला शिविर में कलाकृतियों का सृजन किया। कलाकृतियों की प्रदर्शनी आज शाम को लगाई जाएगी। कलागुरु की श्रद्धांजलि सभा कला चर्चा ट्रस्ट, भोरूका चेरिटेबल ट्रस्ट और राजस्थान ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में हुई। कार्यक्रम में संगीता सुरेन्द्रपाल जोशी, कलाविद सुब्रतो मंडल, गोपालस्वामी खेतांची, विनय शर्मा, भावना सक्सेना, भोरूका चेरिटेबल ट्रस्ट से मुकेश ज्वाला, नीरू खंगारोत, रक्तकोश फाउंडेशन से नितिशा शर्मा, सतवीर भास्कर और रोहित शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। कलाकारों ने सुरेंद्रपाल जोशी को पुष्पांजलि अर्पित की। एक दिवसीय कला शिविर में इंदौर से हरिओम पाटीदार, दिल्ली से किशोर मीणा, तरू सक्सेना, जयपुर से विनय शर्मा, अजय दर्शन सिंह, सुरजीत सिंह, मोनिका देवी, डॉ. रेणु शाही राजवंश, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, भावना सक्सेना, नीलम नियाजी, नीलू कांवरिया, वीरनाराण आर्य, रितिक पटेल, अभिषेक शर्मा, प्रियंका, हिमाक्षी शर्मा, निधि शर्मा, अन्जू शर्मा, प्रदीप शर्मा पूजा भारद्वाज, बीकानेर से नवीन स्वामी, दौसा से लक्ष्मीकांत शर्मा, अजमेर से अस्मिता शर्मा, अलवर से तुलसीराम योगी, टोंक से अजय मिश्रा, देहरादून उत्तराखण्ड से सुरेन्द्र सिंह सहित 40 से अधिक कलाकारों ने कलाकृतियों को तैयार किया। कलाकारों ने कैनवास पर चित्रों को उकेरा। इन तैयार कलाकृतियों की उत्तरायण नामक कला प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसका गुरुवार शाम 5 बजे उद्घाटन किया जाएगा। प्रदर्शनी 13 से 15 जून तक राजस्थान ललित कला अकादमी की आधुनिक कला दीर्घा में आमजन के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। 15 जून को कला प्रदर्शनी का समापन और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की ओर से साल 2024 से प्रतिवर्ष चयनित प्रतिभाशाली युवा कलाकार को स्व. सुरेन्द्र पाल जोशी के परिवार की ओर से स्मृति युवा सृजन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के प्रति चयन समिति की अनुशंसा पर 11 हजार रुपए श्रीफल, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कला शिविर के सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। भोरूका चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शिविर में तैयार श्रेष्ठ तीन कलाकृतियों को 5100 रुपए सृजन सम्मान के तौर पर प्रदान किए जाएंगे।

## मिशन कर्मयोगी के संबंध में वीडियो कॉफ्रेंस आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा राजकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के क्षमता संवर्द्धन के लिए संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम मिशन कर्मयोगी के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए बुधवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉफ्रेंस आयोजित की गई। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के निर्देश पर आयोजित इस वीसी में मुख्यालय पर पदस्थापित अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी भी जुड़े। अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम अरूण कुमार गर्ग ने बताया कि मिशन कर्मयोगी वेबसाइट एवं एप के तहत विभिन्न प्रकार के 25 हजार से अधिक ऑनलाइन कोर्सेज तैयार किए गए हैं। राजकीय सेवा के साथ-साथ इन कोर्सेज को ऑनलाइन किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर अपने कोर्स चयन करने की आवश्यकता पर बल दिया। एसीपी विष्णुकांत ने आईगॉट कर्मयोगी वेबसाइट एवं एप्लीकेशन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन एवं कोर्स के चयन सहित अन्य बिन्दुओं पर प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## ब्रज चौरासी कोस सर्किट विकसित होने से रोजगार और पर्यटकों की संख्या में होगी बढ़ोतरी - श्रुति भारद्वाज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**डीग।** राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जिले में ब्रज चौरासी सर्किट को भक्ति पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए जिला कलेक्टर श्रुति भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को डीएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने परिक्रमा मार्ग में पेयजल, शौचालय, यात्री निवास इत्यादि सुविधाओं का विकास करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। मार्ग के विकास के लिए विधिवत रूप से नक्शे के माध्यम से क्षेत्र का पूर्ण अध्ययन कर महत्वपूर्ण स्थानों को विकसित करने के लिए अधिकारियों से सुझाव लिए गए। जिला कलेक्टर भारद्वाज ने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले सभी शेल्टर होम्स में बिजली और पानी की व्यवस्था कराई जाएगी साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सौर और पवन ऊर्जा का प्रयोग किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए दूरदराज गांवों में विद्युत सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान परिक्रमा मार्ग पर पानी की आपूर्ति की समीक्षा की जिसे संतोषजनक पाया गया।

शेल्टर होम को संचालित करने के लिए जिनमे साफ सफाई, मेंटेनेंस आदि शामिल हैं। वे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से करवाने पर विशेष ध्यान देने की बात की गई है। एसएचजी महिलाओं को लखपति बनाने के लिए परिक्रमा मार्ग पर कैफेटेरिया, मल्टीपर्पज स्टोर आदि खोलने को कहा गया है।

## जयपुर : 5 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** वैशाली नगर स्थित धूप छांव फाउंडेशन द्वारा सिटी पार्क मानसरोवर में 10 जून से 14 जून तक 5 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर निर्भया स्क्वॉड के सहयोग से आयोजित किया गया है। धूप-छांव फाउंडेशन की अध्यक्षा मीरा अग्रवाल ने बताया कि आत्मरक्षा शिविर में महिलाएं और बच्चियों बहुत ही उत्साह के साथ ट्रेनिंग प्राप्त कर रही है और स्वयं को बचाने के गुर और तकनीक सीख रही हैं । शिविर में 9 साल से लेकर 60 साल तक की महिलाएं और बच्चियां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

प्रशिक्षण के दौरान अगर किसी महिला को परेशान करने के उद्देश्य से उसका कहीं किसी तरह हाथ पकड़ा जाता है, कुछ अपशब्द बोले जाते हैं, कहीं सुनसान जगह पर है, आदि इमरजेंसी परिस्थितियों में खुद का बचाव कैसे करें, इनकी बहुत तकनीक सिखाई गई।

बुधवार को शिविर के तीसरे दिन प्रशिक्षण के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में एमरजैंसी नंबर्स चाइल्ड हेल्पलाइन, मेडिकल हेल्पलाइन, रेलवे हेल्पलाइन, रेलवे इंक्वायरी, निर्भया व्हाट्सएप नंबर,पुलिस हेल्पलाइन, फायर ब्रिगेड, ट्रैफिक कंट्रोल, एंबुलेंस हेल्पलाइन, साइबर क्राइम, इत्यादि कई नंबरों की जानकारी दी गई प्रशिक्षण कमांडो मंजु 7935 व मनोहर 10198 के द्वारा दिया जा रहा है। पांच दिवसीय शिविर का संचालन धूप-छांव फाउंडेशन की समस्त टीम अध्यक्षा मीरा अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय गर्ग, महासचिव देव अग्रवाल, सलाहकार ईश्वर दास गोयल, महासचिव देव अग्रवाल, गंगा लहरी गुप्ता, व जिनेश जैन सभी की देख-रेख में संचालित हो रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 को

**जयपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण प्रदेश में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय आयोजन होगा। वहीं, जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं पंचायत समिति मुख्यालयों पर भी 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा। बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में कलक्टर ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शैफाली कुशवाहा, जिला रसद अधिकारी जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया सहित पुलिस, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, एनसीसी, राजस्थान राज्य क्रिड़ा परिषद, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, आयुर्वेद विभाग, परिवहन विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़े के साथ विनम्र होना जरूरी



एसकेमंगल

जो व्यक्ति झुकना जानता है वही आसमान को झुका सकता है। बड़ा आदमी बनना बड़ी बात नहीं है पर बड़ा आदमी बनकर भी विनम्र बनना चाहिए यह बड़ी बात होती है। जीवन जीना पेंसिल की तरह होना चाहिए। उसे तैयार होने के लिए गुरु के हाथों में जाना पड़ेगा? छिलने के लिए तैयार होना होगा। जितना सार्पनर से छिलेंगे उतने सफल होंगे। विश्वास जगाना होगा कि हमारी ताकत हमारे अंदर है विवेक के रबड़ से खुद को गलतियों को मिटाना होगा और दुनिया में जिंदा होते समय पीछे छाप छोड़कर जाना होगा। जीवन में मिलने वाली विफलताओं से कभी हताश नहीं होना चाहिए। हर सफलता से सफलता का सुनहरा भविष्य छुपा रहता है। परीक्षा में चार बार अटक गए तो गलत कदम उठाने की बात सोचते हैं, ऐसी सोच से सावधान रहना चाहिए। अगर भूल से भी गलत कदम उठा लिया तो अगले जन्म में फिर वेसी ही शुरुआत करनी पड़ती है। नकारात्मकता से नाराजगी,? समय खराब और सेहत खराब होने से रिश्तों में कड़वाहट आती है। स्वार्थों पर निराशा और कुंठा पैदा होती है?। नकारात्मकता ठहरा हुआ नाला है जिसमें गिरकर सिवाय असफलताओं के कुछ नहीं मिलता जबकि सकारात्मक एक झरने की तरह है जो बहता रहता है। फटे हुए दूध से पनीर बनाया जा सकता है तो सकारात्मक सोच से टूटे हुए रिश्तों को क्यों नहीं समझा जा सकता है। मन को सदा निर्मल और पवित्र रखना चाहिए। मन में जितना दोष है उसे उतना ही धोना पड़ेगा?। आखिर दूध में जितना पानी होगा रबड़ी बनाने के लिए उसको उतना ही उबालना होता है। पत्थर एक बार मंदिर जाता है और भगवान बनकर पूजा जाता है जबकि आदमी हजार बार मंदिर जाकर भी अगर पत्थर ही बना रहा तो किस काम का। केवल शरीर को नहीं सजाइए जिसे एक दिन मिट्टी में मिल जाना है सजाना है तो उसे आत्मा को सजायें जिसे एक दिन परमात्मा के पास जाना है। जीवन के प्रत्येक कर्म करते समय सावधानी रहनी चाहिए हमारा हर कर्म लौट के जरूर आता है तीर्थंकर हो या सिकंदर अवतार हो या पैगंबर कर्म किसी का पीछा नहीं छोड़ता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आरक्षक हुआ गायब, 40 लाख की फिरौती मांगी

## सबलगढ़ पुलिस ने आरक्षक और उसके साढ़ू को करौली से किया बरामद

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** 11 जून को साढ़ू के साथ लापता हुए निरार थाने के आरक्षक शंकर रावत की पत्नी से फोन पर उसकी रिहाई के ऐवज में 40 लाख की फिरौती मांगी गई। घबराई पत्नी सबलगढ़ थाने पहुंचीं और थाना प्रभारी को पूरी बात बताई। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई और देर शाम को लापता आरक्षक शंकर रावत एवं उसके साढ़ू को करौली राजस्थान से बरामद कर लिया।
मिली जानकारी के मुताबिक निरार थाने में पदस्थ आरक्षक शंकर रावत मूलतः विजयपुर तहसील के सुनवई गांव का रहने वाला है। शंकर की पत्नी और बच्चे सबलगढ़ में रहते है। दो दिन पहले शंकर थाने से अवकाश लेकर अपने घर गया था। 11 जून की दोपहर शंकर अपने साढ़ू योगेन्द्र निवासी मांगरौल सबलगढ़ के साथ घर से निकला था। जिसके बाद शंकर घर नहीं पहुंचा। बुधवार अलसुबह करीब पांच बजे शंकर की पत्नी लक्ष्मी के मोबइल पर शंकर के नंबर से कॉल आई, दूसरी ओर से बात करने वाला शंकर के बजाय कोई अन्य था, उसने लक्ष्मी से कहा कि 40 लाख रूपये लेकर आओ और अपना पति ले जाओ। लक्ष्मी ने सबलगढ़ थाने पहुंचकर थाना प्रभारी दर्शन शुक्ला को पूरी बात बताई। एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान से निर्देशन मिलने के बाद निरीक्षक श्री शुक्ला फोर्स के साथ शंकर की तलाश में जुट गए। बुधवार की शाम को श्री शुक्ला ने शंकर और उसके साढ़ू योगेन्द्र को करौली राजस्थान में गंगापुर तिराहे से बरामद कर लिया। फिलहाल पूरा मामला संदेहास्पद बना हुआ है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

**इनका कहना है :-**

आरक्षक शंकर की पत्नी को फोन पर रिहाई के बदले 40 लाख की मांग की गई थी। शंकर और उसके साढ़ू योगेन्द्र को करौली से बरामद कर लिया गया है। मामला संदिग्ध है, जांच की जा रही है।

**दर्शन शुक्ला, निरीक्षक**
**थाना प्रभारी, सबलगढ़**

### बंदी उपेन्द्र सिंह पुत्र हीरा सिंह तोमर की मृत्यु के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करें

**मुरैना।** सबजेल अम्बाह जिला मुरैना में दण्डित बंदी दर्ग का पुरा थाना पोरसा निवासी 35 वर्षीय उपेन्द्र सिंह पुत्र हीरा सिंह तोमर की 13 फरवरी, 2024 को मृत्यु हुई है। उसकी हुई मृत्यु के कारणों की जांच जे.एम.एफसी. मुरैना की जांच अधिकारी देशना जैन द्वारा की जा रही है।

जे.एम.एफसी. मुरैना की जांच अधिकारी देशना जैन ने बताया कि इस मृत्यु, घटना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र, साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 15 जुलाई, 2024 को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मुरैना में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि व्यतीत होने के बाद आपत्ति मान्य एवं स्वीकार योग्य नहीं होगी।

# बरेठा का पुरा में उल्टी-दस्त से अनेक लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** कैलारस तहसील के बरेठा का पुरा में उल्टी-दस्त और पेट की मरोड़ से सैकड़ों लोगों के बीमार होने की खबर है। बड़ी संख्या में ऐसे मरीज कैलारस अस्पताल में भर्ती कराए गए है। जबकि कुछ मरीजों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक बरेठा का पुरा में मंगलवार को दर्जनभर से अधिक लोगों उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की परेशान हुई। पहले ग्रामीणों ने घरेलू उपचार लेकर घर पर ही आराम करने की सोची, जब हालत बिगड़ने लगी, तब वे कैलारस स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचें। गांव के कुछ घरों में फैली बीमारी ने महज 24 घंटे में ही सैकड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। उल्टी, दस्त और पेटदर्द से पीड़ित मरीजों को कैलारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैलारस बीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती मरीजों का उपचार किया जा रहा है, जबकि कुछ मरीजों को मुरैना रैफर किया गया है।

# बानमोर पुलिस ने चोरों से बरामद किया ई-रिक्शा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिला मुरैना में घटित चोरी के प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पतारसी, गिरफ्तारी एवं माल-मशरूका की बरामदगी हेतु जिला मुरैना के समस्त थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं एसडीओपी बानमोर आदर्श कान्त शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में उनि. यशपाल सिंह इंचार्ज थाना प्रभारी बानमोर को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि बानमोर थाने के अपराध क्रमांक 209/24 में चोरी गया ई-रिक्शा क्रमांक एमपी06 जेसी 1159 लोधी धर्मकाटा गिरवाई, ग्वालियर में रखा हुआ देखा गया है। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी बानमोर मय हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये स्थान लोधी धर्मकांटा गिरवाई, ग्वालियर पर जाकर दबिश दी गई तो दो आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें हमराह फोर्स की मदद से घेरकर पकड़ा गया एवं लोधी धर्मकांटा गिरवाई ग्वालियर के आस-पास चैकिंग की गई तो वहां पर चोरी हुआ ई-रिक्शा क्रमांक एमपी06 जेसी 1159 रखा हुआ मिला। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 60,000/- रूपये है, जप्त कर मुरैना लाया गया।




### बीहड़ में बमूर के पेड़ से लटका मिला अज्ञात का शव

**मुरैना।** कैलारस थाना पुलिस ने मंगलवार को रिठौनिया के बीहड़ों से एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात युवक का शव बमूर के पेड़ पर फंदे से झूल रहा था, जब ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक की आयु तकरीबन 22 वर्ष रही होगी। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है तथा उसकी मौत किन हालातों में हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए है।

### बानमोर में नवयुवती ने फांसी लगाकर जान दी

**मुरैना।** कस्बा बानमोर के भगीतापुरा में रहने वाले सूबेदार सैमिल की 19 वर्षीय पुत्री तनु जाटव ने मंगलवार को अपने घर में रस्सी के सहारे फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

# विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के जन्मदिन पर किया भंडारे का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/अम्बाह।** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के जन्म दिवस के अवसर पर नगर पालिका चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजली-जिनेश जैन द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2:00 बजे तक आम जनता में पूड़ी और सब्जी का वितरण किया गया। इससे पहले श्री जयश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर श्री तोमर के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का चार दशक से अधिक का राजनीतिक सफर उल्लेखनीय व उपलब्धियों से भरा रहा है। महाविद्यालयीन विद्यार्थी जीवन के दौरान ही नरेंद्र सिंह तोमर के व्यक्तित्व में अद्भुत नेतृत्व क्षमता और सांगठनिक कौशल के गुण उजागर होने लगे थे। जिनेश जैन ने कहा कि श्री तोमर की राजनीतिक उपलब्धियों की फेहरिस्त इतनी लंबी है कि उसे शब्दों में समेट पाना संभव नहीं है। लेकिन इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि जब भी किसी चुनाव में पार्टी के चुनाव अभियान की बागडोर उन्हें सौंपी गई है वहां पार्टी को उल्लेखनीय सफलता मिली है। यही कारण है कि भाजपा में नरेंद्र सिंह तोमर का कद इतना ऊंचा हो चुका है कि महत्वपूर्ण मामलों में उनकी राय की अनदेखी नहीं की जा सकती। जिनेश जैन ने कहा कि नरेन्द्र सिंह तोमर की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे प्रचार-प्रसार से हमेशा दूर रहना पसंद करते हैं। केवल अपने कार्य की जिम्मेदारी के निष्ठापूर्वक निर्वहन में विश्वास रखते हैं। इसके साथ ही श्री तोमर विवादों से दूर रहना पसंद करते हैं। मितभाषी तोमर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की अनूठी विशेषताओं ने उन्हें राजनेताओं की भीड़ में अलग पहचान दिलाई है वे जमीन से जुड़े हुए लोकप्रिय जनप्रतिनिधि हैं जिन्होंने संगठन व सरकार, दोनों ही स्तर पर अपने अथक परिश्रम, समर्पण एवं निष्ठा से सफलता एवं सम्मान अर्जित किया है। जनता से जीवंत सम्पर्क होने के कारण उन्हें जनसमस्याओं की जानकारी और गहरी समझ है। इस दौरान जिनेश जैन सहित बच्चू लाल गुप्ता, गजेंद्र सिंह तोमर, खेम सिंह भदोरिया, विजय गुप्ता, योगेंद्र चौहान, रामविलास कुशवाह, भीम सिंह तोमर, गिर्राज तिवारी, विक्रम तोमर, संतोष वर्मा, अवधेश राठौर, मोनू तोमर, रामबहादुर प्रजापति, रामनिवास तोमर, गोलू भदोरिया, सचिन गुप्ता, बल्ली तोमर, गौरव तोमर, टीकम तोमर, ललित गुधेनिया, बबलू शर्मा, योगेश तिवारी, लवाला पंडित, शिवा शर्मा, बंटी राजोरिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# प्रतिभा को निखारने उसे सम्मानित करना आवश्यकः अजंली जैन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/अम्बाह।** श्री आदिनाथ महिला मंडल द्वारा जैन समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सत्र 2023 एवं 24 में कक्षा 10 एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मान समारोह श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजली-जिनेश जैन ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। आयोजित कार्यक्रम में 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं शैक्षणिक सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अजंली जैन ने सभी मेधावियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें आज गर्व का अनुभव हो रहा है, कि वह समाज की उन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं से मिल रही हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि शिखर पर जाने के लिए एक स्पष्ट उद्देश्य होना चाहिए। जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है, साथ ही शिक्षा से जीवन की सभी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है।



उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को बताया कि यह सफलता जीवन की प्रारंभिक सीढ़ी है। जीवन की प्रत्येक सीढ़ी पर आपको चुनौतियां मिलेंगी, जिन पर आपको अपने विवेक और बुद्धि के बल पर विजय प्राप्त करनी होगी। उन्होंने कहा न तो मेहनत का कोई विकल्प होता है और न ही कोई शॉर्ट कट कभी हमें स्थायी सफलता की ओर ले जाता है। इसलिए हमें विकल्प रहित संकल्प लेकर लगातार मेहनत करनी है। ऐसी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के लिए हमने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें लगभग 20 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया है। आयोजन में अनन्या जैन, तनिश जैन, सारा जैन, आयुषी जैन, योगिंद्र जैन, परी जैन, स्वाति जैन, गुनगुन जैन सहित कृति जैन, लवी जैन, आदित्य जैन, अपूर्वा जैन, पायल जैन, प्रिंसी जैन, खुशी जैन, अरिहंत जैन, स्तुति जैन, खुशबू जैन, आर्यन जैन, श्रुति जैन का सम्मान किया गया, वहीं आयोजन में श्रीमती अंजलि जैन, श्रीमती मालती जैन, श्रीमती मीना जैन, श्रीमती गुड्डी जैन, श्रीमती शकुंतला जैन, श्रीमती बबीता जैन, श्रीमती मीना जैन विकल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह के जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरित किए



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर जिला चिकित्सालय में फल वितरण किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, जिला महामंत्री अरविंद सिकरवार, जिला महामंत्री भावना जालौन, जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार, जिला मंत्री अरुण परमार, वार्ड क्रमांक 14 से पार्षद युवराज दंडोतिया, जिला उपाध्यक्ष गोविंद उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष अमन सिकरवार, वरिष्ठ नेता बृजकिशोर दंडोतिया, सरदार सिंह सहित अन्य कार्यकर्तागण पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पृथ्वी का कवच ओज़ोन परत को टूटने से बचाने में सभी सहयोग करेः विजयपाल सिंह

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/पोरसा।** पृथ्वी का कवच को ओजोन परत कहा जाता है, आज हम देख रहे हैं कि पृथ्वी की ओजोन परत टूट रही है, जिससे पृथ्वी के वायुमंडल में तापमान बढ़ रहा है और मानवीय एवं जाल जीव जंतुओं पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। जैसे त्वचा रोग, कैंसर, मोतियाबिंद, समय से पहले बुढ़ापा आ जाना आदि प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं और जलीय जीव-जंतुओं पर भी दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। ऐसा ना हो इसलिए हमको ओजोन परत को बचना होगा। इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना चाहिए एवं रबर, टायर, प्लास्टिक के जलने पर रोक लगनी चाहिए। जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए। जीवाश्म ईंधन का कम से कम उपयोग करना चाहिए। सार्वजनिक वाहन का उपयोग करना चाहिए। कल कारखानों की चिमनिया ऊंची होनी चाहिए। यह बात स्वच्छताग्रही विजय पाल सिंह तोमर ने कही। पृथ्वी की ओजोन परत के ऊपर आज एक कार्यशाला बुधारा गांव के एक स्कूल में आयोजित की गई जिसमें बतौर अतिथि विजयपाल सिंह तोमर ने ओजोन परत को बढ़ रहे खतरे के बारे में विस्तार से समझाया। इस मौके पर सभी ग्राम वासियों को समझाया गया। कार्यक्रम में राजेश शर्मा, कपिल सिंह, खुशबू आदि शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# अब प्रत्येक माह वृद्धाश्रम में लगेगा चिकित्सा शिविर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** समाजसेवी दीपक भोला पिछले कई वर्षों से वृद्ध आश्रम जाते रहते हैं। किसी बच्चे का जन्मदिन हो या किसी की एनिवर्सरी, लोग इनसे संपर्क करके वृद्धों और दिव्यांग बच्चों की मदद करते रहते हैं। कई महीनों से वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं आर्युवेदिक चिकित्सा और दवा की मांग कर रहे थे।




दीपक भोला ने उनकी परेशानी को समझ कर जिला प्रशासन से हर माह एक आर्युवेदिक चिकित्सा कैंप लगवाने का लेटर निकलवाने में सफलता प्राप्त की। गांधी चिकित्सालय, मुरैना की आरएमओ डॉ. शिवानी तोमर के सहयोग से आज गांधी चिकित्सालय की टीम ने वृद्ध आश्रम पहुंच कर 14 बुजुर्गों और 30 दिव्यांग बच्चों का इलाज किया। गांधी चिकित्सालय, मुरैना की टीम में डॉक्टर सौरभ शर्मा, पुष्पेंद्र कुशवाहा, बसंती राठौर और भास्कर सिकरवार ने सभी का उचित इलाज किया।
दीपक भोला ने आज वृद्ध आश्रम में आयुर्वेदिक चिकित्सा कैंप लगने की बात जब बुजुर्गों और दिव्यांग बच्चों को बताई तो वे सब बहुत खुश हुए। उनकी टीम में विमला शर्मा, क्रांति गुप्ता, बलभद्र शर्मा, नीतू भारद्वाज, सरिता शर्मा, सुजाता तोमर, आभा मिश्रा, क्षमा कौशिक, मनींद्र कौशिक उपस्थित थे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** सरायछौला थाना क्षेत्र में 11 जून को कार क्रमांक एमपी06-बीए-0304 के चालक ने बाइक पर सवार होकर जा रहे रामदास प्रजापति 55 पुत्र रामचरण प्रजापति निवासी विष्णुपुरम कॉलोनी ग्वालियर को टक्कर मार दी। रामदास को घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध धारा-304ए का मामला दर्ज कर लिया है।

# सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय नहीं अपितु एक मिशन है

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** सरस्वती शिशु मंदिर कोई विद्यालय नहीं है, कोई संस्थान नहीं है बल्कि एक मिशन है, एक विचार है, एक योजना है मानव निर्माण की, युवा पीढ़ी के निर्माण की जो युवा शक्ति को मानवीयता के संस्कार से अभिपूरित कर नौष्ठिक हिन्दू जीवन पद्धति व राष्ट्रभक्ति के भाव में निमग्न कर दे। कोई भी लक्ष्य या विचार कितना भी श्रेष्ठ हो पर यदि उसके पीछे शक्ति नहीं है उसका क्रियान्वयन नहीं है तो वह पूर्णता व्यर्थ होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का जो उद्देश्य है वही लक्ष्य विद्या भारती का है। राष्ट्रीय शिक्षा वह है जिसमें राष्ट्रीयता का बोध हो, यही विद्याभारती अपने लक्ष्य में कहती है- '' इस प्रकार की राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का विकास करना है'' बालक को मनुष्य बनाना।






मनुष्य निर्माण की प्राथमिकत आवश्यकता पंचकोषात्मक विकास है, सर्वांगीण विकास से समग्र विकास तक की यात्रा का आधार पंचकोष है। मानव निर्माण की प्रथम शर्त शरीर है, इसीलिए शारीरिक शिक्षा को महत्व दिया गया। इससे अन्नमय कोष का विकास होता है। मनुष्य निर्माण की द्वितीय अनिवार्यता योग शिक्षा है जो बालक के प्राणमय कोष का विकास करती है। तृतीय आवश्यकता संगीत शिक्षा की है, संगीत शिक्षा से मनोमय कोष का विकास होता है। इस शिक्षा के द्वारा मन को नियंत्रित करना है, मन को शांत कर, एकाग्र कर सतत् अभ्यास से नियंत्रण में रखना है। मन को संयमित करना है और जिसका अपने मन पर नियंत्रण होता है सारा जगत उसकी सेवा करता है। मनुष्य निर्माण चतुर्थ सूत्र संस्कृत शिक्षा है। यह विज्ञानमय कोष का विकास करती है। विज्ञानमय कोष का सम्बन्ध बुद्धि से है। बिना स्वाध्याय एवं सत्संग के विज्ञानमय कोष का विकास नहीं हो सकता। व्यक्ति निर्माण की पंचम शर्त नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा है, जो आनंदमय कोष का विकास करती है, यदि जीवन में नैतिकता और आध्यात्मिकता नहीं है तो सबकुछ व्यर्थ है। समस्त कोषों व शिक्षा का आधार नैतिक आध्यात्मिक शिक्षा है। नैतिक आध्यात्मिक शिक्षा का पालन संस्कार से होगा। आप सभी श्रेष्ठ बनें।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कस्बा अम्बाह जिला मुरैना म.प्र. में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक- 1585 के भूखण्ड एक विस्वा को दिनांक 20.09.79 को पूर्व स्वामी देवीराम पुत्र नेतराम गोलापूर्व निवासी- अम्बाह से जर्ये रजि. विक्रय पत्र द्वारा श्रीनिवास, कमलेश, विनोद कुमार, रामनिवास पुत्रगण रामस्वरूप जाति नाई द्वारा समान भाग पर क्रय की थी, जिसमें श्रीनिवास, कमलेश व विनोद कुमार ने अपने-अपने निजी धन से मकान का निर्माण कराया गया। पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार रामनिवास पुत्र रामस्वरूप ने अपने 1/4 भाग के हिस्से की भूमि की कीमत 50,000/- रुपये पचास हजार रुपये श्रीनिवास, कमलेश, विनोद कुमार से दिनांक 10.10.1991 में नगद प्राप्त कर अपने हिस्से का 1/4 भाग का समर्पण पत्र उनके हक में लेखबद्ध कर अपने स्वत्व आधिपत्य समाप्त कर श्रीनिवास, कमलेश व विनोद कुमार को स्वत्व आधिपत्य प्रदान कर दिये थे। अब उक्त रामनिवास की नीयत खराब हो गई है। वह अपने 1/4 भाग की सम्पत्ति को गलत तरीके से अन्य व्यक्ति को विक्रय/अंतरण करना चाहता है। उक्त रामनिवास के उक्त भूमि में निर्मित मकान में किसी भी प्रकार के स्वत्व आधिपत्य नहीं है। इस कारण कोई भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति के संबंध में रामनिवास पुत्र रामस्वरूप श्रीवास निवासी- अम्बाह से क्रय-विक्रय का संव्यवहार न करे अन्यथा न्यायालयीन विवादों व उसमें होने वाले नुकसान के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
दिनांक- 12.06.2024

**सूचनाकर्ता**
**श्रीनिवास, कमलेश, विनोद श्रीवास**
**जाति नाई, निवासी- वार्ड क्र. 15 अम्बाह तहसील**
**अम्बाह जिला मुरैना म.प्र., मो.नं.- 9691033631**

**द्वारा अभिभाषक**
**एम.डी. ओझा, अम्बाह जिला मुरैना म.प्र.**
**मो.नं.- 9826251855**

# विहिप और बजरंग दल ने जलाया आतंकवाद का पुतला

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिंदू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णो देवी कटरा से शिव खोड़ी दर्शन को जाते समय 09 जून को इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर 10 हिंदू श्रद्धालुओं की अंधाधुंध फायरिंग करके हत्या कर दी। इस कायराना कृत्य को लेकर देश भर में भारी आक्रोश है इस कायराना हरकत को लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल पूरे देश भर में आतंक का पुतला जलाकर और महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। मध्य भारत प्रांत के जिला मुरैना में भी विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने भी आतंक का पुतला जलाया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम मुरैना एसडीएम को ज्ञापन दिया और केंद्र सरकार से आतंक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आग्रह किया है। अगर केंद्र सरकार कड़ी कार्यवाही नही करती है तो बजरंगदल देश भर ने उग्र आंदोलन करेगा । जिसकी पूरी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी।




इस ज्ञापन में बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील सिकरवार, अनिल आलोरिया, विश्व हिंदू परिषद के विभाग के अधिकारी कमल दुबे, पंकज गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, जिला से सुनील चावला, गिरीश पंडित, तरुण वर्मा, विजय भारती, उमाशंकर शर्मा, शिवराज करण, कमल गर्ग, विकास अग्रवाल, रवि तोमर, बंटी दंडोतिया, अजीत परिहार, मुकेश शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2024

**//नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)//**

मुरैना, दिनांकः- 12.06.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैंः-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भ.क्र. 647/34 नया वार्ड 39 | प्रदीप गुप्ता पुत्र मुन्नालाल गुप्ता निवासी- गायत्री कॉलोनी मुरैना | श्रीमती आशा पत्नी मुन्नालाल गुप्ता | मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटेरी का वसीयतनामा, पूर्व का विक्रय पत्र के आधार पर क्षेत्रफल- 1127 वर्गफीट |
| 2 | भ.क्र. 648/34 नया वार्ड 39 | प्रदीप गुप्ता पुत्र मुन्नालाल गुप्ता निवासी- गायत्री कॉलोनी मुरैना | श्रीमती आशा पत्नी मुन्नालाल गुप्ता | मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटेरी का वसीयतनामा, पूर्व का विक्रय पत्र के आधार पर क्षेत्रफल- 1080 वर्गफीट |
| 3 | भ.क्र. 649/34 नया वार्ड 39 | प्रदीप गुप्ता पुत्र मुन्नालाल गुप्ता निवासी- गायत्री कॉलोनी मुरैना | श्रीमती आशा पत्नी मुन्नालाल गुप्ता | मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटेरी का वसीयतनामा, पूर्व का विक्रय पत्र के आधार पर क्षेत्रफल- 1844 वर्गफीट |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 30 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

**वास्ते सहायक आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, मुरैना**

# बिजली बिल सुधारने की प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण करें: प्रद्युम्न सिंह





## ऊर्जा मंत्री तोमर ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**भोपाल।** त्रुटिपूर्ण बिजली बिल सुधारने की प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी की जाये। बिजली उपभोक्ता को इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मंत्रालय विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये।

श्री तोमर ने कहा कि बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज करने के बाद उसे नोटिस और सुनवाई का अवसर देना चाहिए। मेंटीनेंस की टीम बढ़ायी जाये और मेंटीनेंस की टीम बढ़ायी जाये और मेंटीनेंस नियमित रूप से करवायें जिससे ट्रिपिंग में कमी आये। श्री तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण केन्द्रवार विद्युत हानि की जानकारी लें। इसके बाद विद्युत हानि रोकने की सुनियोजित कार्य योजना बनायें। उन्होंने कहा कि प्राप्त बजट का पूरा उपयोग सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन घरों में बंटवारा हो गया है, वहाँ नियमानुसार अलग-अलग बिजली के मीटर लगवायें। इसकी प्रक्रिया भी सरल करें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से उपभोक्ताओं को अटल ज्योति योजना का लाभ मिल सकेगा। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना और पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सचिव ऊर्जा एवं एम.डी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी रघुराज राजेन्द्रन, एम.डी. ट्रांसको सुनील तिवारी, ओएसडी विजय गौर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# तैराकी प्रतियोगिता में तैराकों ने जीते पदक




**ग्वालियर।** नगर निगम के तरण पुष्कर स्विमिंग पूल में सोमवार से चार दिवसीय 52वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता (सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर स्वीमिंग एंड वाटर पोलो) के आयोजन में बुधवार को मेडल सेरेमनी में प्रोफेसर कुमार रत्नम ए.डी. (उच्च शिक्षा विभाग ग्वालियर), जोसेफ वक्स्ला (जिला खेल अधिकारी), शिव वीर सिंह भदौरिया (सचिव फुटबॉल संघ), डॉ वी.के. डबास (विश्वमित्र अवॉर्डी), डॉ प्रदीप सिंह चाहर (एसोसिएट प्रोफेसर), आर.के. सिंह (जिला शिक्षा अधिकारी), समानवत अयोध्या शरण शर्मा, विजिता सिंह चौहान (सह सचिव), धर्मेंद्र सोनी (नगर निगम खेल विभाग) ने शिरकत की।

उल्लेखनीय है कि 10 से 13 जून तक उक्त प्रतियोगिता नगर निगमएवं ग्वालियर तैराकी संघ के संयुक्त बैनर तले आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में मेजबान ग्वालियर समेत प्रदेश की एक दर्जन जिला इकाईयों के करीब 450 से 500 तैराक 200 से अधिक स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश कर रहे है।

इन्होंने जीते पदक

50मीटर बटरफ्लाई स्ट्रोक सीनियर वूमेन में पहले स्थान पर भूमि अग्रवाल इंदौर, दूसरे स्थान पर कनकश्री धरवाल नीमच, तीसरे स्थान पर भूमि खंडेलवाल खंडवा।

100 मीटर बैक स्ट्रोक सीनियर वूमेन में पहले स्थान पर माही पालीवाल इंदौर, दूसरे स्थान पर कनकश्री धरवाल नीमच, तीसरे स्थान पर भविष्य पाल ग्वालियर।

200 मीटर फ्री स्टाइल ग्रुप - 2 बॉयज में पहले स्थान पर कनिष्क सुरेका इंदौर, दूसरे स्थान पर विकास जाटव नीमच, तीसरे स्थान पर अथर्व बांके भोपाल ।

200 मीटर फ्री स्टाइल ग्रुप - 2 गर्ल्स में पहले स्थान पर जहरा रंगवाला इंदौर, दूसरे स्थान पर अन्वी खंडूरी भोपाल, तीसरे स्थान पर ऐशना जैन खंडवा ।

200 मीटर फ्री स्टाइल ग्रुप - 1 बॉयज में पहले स्थान पर ध्रुव खंडेलवाल इंदौर , दूसरे स्थान पर श्लोक गुरेज इंदौर , तीसरे स्थान पर अक्षित शर्मा जबलपुर ।

ऽ 200 मीटर फ्री स्टाइल ग्रुप - 1 गर्ल्स में पहले स्थान पर दर्पण सिरोही इंदौर, दूसरे स्थान पर नव्या सिंह भोपाल , तीसरे स्थान पर सारण्य तिवारी भोपाल ।

ऽ 200 मीटर फ्री स्टाइल ग्रुप - 3 बॉयज में पहले स्थान पर कृशिव दोषी इंदौर, दूसरे स्थान पर सुहान चिंतन जैन इंदौर , तीसरे स्थान पर लक्ष्य धरवाल नीमच । ऽ 200 मीटर इंडिविजुअल मेडली ग्रुप - 1 बॉयज में पहले स्थान पर आयुष्मान दुबे इंदौर, दूसरे स्थान पर शिद्धांत पंकज सोनकुशरे राजगढ़, तीसरे स्थान पर हर्ष डावर खरगौन ।

# शिक्षा से होता है व्यक्ति और समाज का विकास : डॉ. केशव पाण्डेय

## स्मार्ट स्कूल में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन





- संयुक्त संचालक पाण्डेय ने विद्यार्थियों को बेहतर जीवन के टिप्स देकर दिखाई भविष्य की राह
- समाज सेवी डॉ. पाण्डेय ने बताया शिक्षा का मानव के साथ समाज में सकारात्मक प्रभाव

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**ग्वालियर।** शासकीय बालक स्मार्ट हायर सेकेंडरी स्कूल शिक्षा नगर में चल रहे 20 दिवसीय ग्रीष्म कालीन प्रतिभा निखार प्रशिक्षण शिविर का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्यअतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रमुख समाज सेवी डॉ. केशव पाण्डेय थे। अध्यक्षता संयुक्त संचालक शिक्षा दीपक पाण्डेय ने की। जबकि केंद्रीय विद्यालय के आचार्य चंद्रशेखर शर्मा विशिष्ट अतिथि थे।

मुख्य अतिथि डॉ. पाण्डेय ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं। सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं और समाज के उद्धार में योगदान देते हैं। शिक्षा मानव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। अध्यक्षता कर रहे संयुक्त संचालक पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली उद्देश्यपूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है। जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, ज्ञान एवं कला-कौशल में वृद्धि के साथ उसके व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है। इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है। ताकि व्यक्ति एवं समाज दोनों निरंतर विकास करते रहें। स्कूल के प्राचार्य जेपी प्रजापति ने शिविर की गतिविधियों से अवगत कराया और बताया कि कैसे प्रतिभागियों का बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास किया गया। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन मंजूलता चौरसिया एवं प्रीति अग्रवाल ने किया तथा अंत में योग शिक्षक आदेश कुमार द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया।

### इनका रहा विशेष योगदान

शिविर में विद्यार्थियों के चहुंमुखी और बहुमुंखी विकास के लिए विभिन्न विद्याओं के प्रशिक्षकों ने अपना योगदान दिया। इनमें नारायण सिंह राजपूत, अनंत प्रताप सिंह क्रिकेट, खो-खो, एरोविक्स, सोनी तोमर जिमनास्टिक, नरेन्द्र दांतरे योगा, ऋषीकेश वशिष्ट योगासन, राजकुमार बाजपेयी नई शिक्षा नीति, ब्रजेश शुक्ला स्कूल डवलपमेंट, सुधीर कुशवाह आर्ट आफ लिविंग एवं पंछी संरक्षण, सुरेन्द्र सिंह भदौरिया, दिनेश चाकडकर योग, हेमंत त्रिवेदी राज्य आनंद संस्थान, धीरज शर्मा फुटबॉल, बॉस्केटबॉल एवं क्रिकेट, ओपी दीक्षित नैतिक शिक्षा व आचरण की उपयोगिता, संजय शर्मा हार्टफुलनेस ध्यान, कमल लोधी क्रिकेट एवं मुन्ना सिंह परिहार ने योगासन की शिक्षा दी।

# तिघरा जलाशय के पास वीरा को देखा

**ग्वालियर।** कूनो नेशनल पार्क चीता अभ्यारण्य श्योपुर के जंगल से भटक कर आए चीता वीरा ने बुधवार को फिर से एक बकरी का शिकार कर लिया है। यह शिकार बुधवार की शाम को 4 बजे तिघरा जलाशय के पास पवा बीट में किया है। वीरा 4 दिन से लगातार तिघरा गेम रेंज के अंतर्गत अभ्यारण्य क्षेत्र में विचरण कर रही है। और इस दौरान यह तीसरा शिकार किया है। हालांकि वीरा को ग्वालियर वन मंडल के जंगल सीमा में आए हुए पूरे 25 दिन हो गए है। सबसे पहले बीती 18 मई को घाटीगांव वन परिक्षेत्र बंतर्गत भटपुरा चौकी के भंवरपुरा गांव के पास दिखाई दिया था। तबसे आज दिनांक तक वह 20 किलोमीटर परिधि के आसपास और ग्वालियर डिवीजन के वन क्षेत्र में ही घूम रही है। इस दौरान एक दर्जन से अधिक बकरियों का शिकार भी किया है। तो साथ ही नीलगाय व एक बछडे के शिकार होने की भी वन अधिकारियों ने सूचना दी थी।

# जल संरक्षण कार्यों में जुटे हैं बरेठा, पुट्टी व करही के ग्रामीण




ग्वालियर। निस्तार के पानी के लिये भविष्य में तरसना न पड़े, इस बात को ग्वालियर जिले के दूरस्थ क्षेत्र में बसे गाँवों के निवासियों ने भलीभाँति समझ लिया है। ग्रामीणों को जब पता चला कि प्रदेश सरकार ने वर्षा जल सहेजने के लिए ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ शुरू किया है तो वे आगे आकर इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ गए। जिले के ग्राम बरेठा के निवासी तस्सल फावड़ा लेकर अपने गाँव के तालाब को गहरा करने में जुटे हैं। इसी तरह ग्राम पुट्टी के निवासी अपने गाँव के तालाब को विस्तार देने का काम कर रहे हैं। ग्राम पंचायत करही के लोग चौकडैम को पुनर्जीवन देने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर जुटे हैं।

**विशेष लेख: जनसंपर्क संचालनालय की विशेष फीचर श्रृंखला**

# हर नागरिक की पहुंच में हैं स्वास्थ्य सेवाएं

मध्यप्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं का केन्द्र बन गया है। पिछले छह महीनों में स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभागों के एक साथ आ जाने से स्वास्थ्य सेवाएं मिलना और ज्यादा आसान हो गई हैं। इन दोनों विभागों को एक करने का ऐतिहासिक निर्णय मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों से अब नागरिकों के स्वास्थ्य को विकास का पैमाना बनाया गया है। ''विकसित भारत'' के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर जो कदम उठाए हैं उनसे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना आसान हुआ है और इसके परिणाम भी मिलने लगे हैं।




**पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा योजना**

''पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा'' मध्यप्रदेश के नागरिकों के लिए एक अनूठी पहल है। आपात स्थिति में या विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा मिलना आसान हो जायेगी। चिकित्सा विशेषज्ञों की पहुंच भी कठिन भौगोलिक क्षेत्र में हो सकेगी। मरीजों को उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किया जा सकेगा।

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा सडकों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर घायल व्यक्ति को अविलम्ब उपचार के लिए हवाई सेवा की सुविधा मिल पायेगी। हृदय सम्बंधित या अन्य गंभीर बीमारियाँ जिसमें रोगीको तत्काल इलाज की आवश्यकता होती है ऐसी स्थिति में मरीजों को अच्छे एवं उच्चतम चिकित्सा संस्थानों में त्वरित उपचार हेतु हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

एयर एम्बुलेंस सेवा के संचालन के लिए ''हेली एम्बुलेंस'' एवं ''फिक्स्ड विंग कनवर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस'' शुरू की गई है। यह सभी जिलों एवं प्रशासनिक विभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगी। एयर एम्बुलेंस में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम तैनात रहेगी। चिकित्सकीय आवश्यकता अनुसार प्रदेश के रोगियों को दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद अथवा देश के अन्य उच्च चिकित्सा संस्थानों पर हवाई परिवहन करेगी।

सड़क एवं औद्योगिक दुर्घटना अथवा प्राकृतिक आपदा में पीडित को राज्य के अंदर एवं बाहर शासकीय अथवा निजी चिकित्सालय में निशुल्क परिवहन किया जाएगा। आयुष्मान कार्डधारी के लिए राज्य के अंदर एवं राज्य के बाहर सभी शासकीय एवं आयुष्मान सम्बद्ध अस्पतालों तक पहुंचाने में निशुल्क परिवहन किया जाएगा। जो आयुष्मान कार्डधारी नहीं हैं, उनके उपचार के लिए राज्य के अंदर शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क परिवहन जबकि राज्य के बाहर के किसी भी अस्पताल में अनुबंधित दर पर सशुल्क परिवहन किया जाएगा।

***लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों का विलय***

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय कर ''लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग'' के रूप में पुनर्गठित किया गया है। इस निर्णय से मेडिकल कॉलेज रूटीन चिकित्सा सेवाएं देने के बजाय अति गंभीर/विशिष्ट उपचार, चिकित्सा शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर की प्रभावी निगरानी हो सकेगी।

मेडिकल कॉलेजों से जिला चिकित्सालयों को संबद्ध करना आसान हो जाएगा। स्वास्थ्य नीति और विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं नियंत्रण में सुविधा मिलेगी।

***महाकाल लोक परिसर में स्थापित देश का पहला प्रसादम***

स्वास्थ्य सेवाओं के साथ पर्यावरण स्वच्छता, पौष्टिक और हाइजैनिक भोजन की उपलब्धता के लिए फ़ूड एंड सेफ्टी स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (FSSAI) के ''क्लीन स्ट्रीट फूड हब'' प्रोग्राम में उज्जैन के श्री महाकाल महालोक के नीलकंठ वन परिसर एवं अवंतिका हाट के मध्य 1 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से प्रसादम् विकसित किया गया है। इसमें 17 दुकानों का निर्माण कर एक स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब बनाया गया है।

महाकाल लोक परिसर में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए महाकाल लोक परिसर, नीलकंठ द्वार पर औसतन प्रतिदिन 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का संचालन जल्दी ही शुरू हो रहा है। इसमें आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा दी जा सकेगी। महाकाल लोक परिसर में स्थापित प्रसादम देश का पहला ऐसा मॉडल है।

***स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज भी***

प्रदेश के 13 जिलों दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी, सतना, राजगढ़, नीमच, मंदसौर, श्योपुर एवं सिंगरौली में नर्सिंग कॉलेज बनने जा रहे हैं। प्रत्येक नर्सिंग कॉलेज के लिये 14.80 करोड़ रूपये की स्वीकृति दे दी गई है। मेडिकल कॉलेजों के साथ नये नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिये मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने पहल करते हुए 192.40 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इससे इन जिलों एवं आस-पास के सभी नागरिको को चिकित्सा सुविधा का लाभ एवं छात्र-छात्राओं को सुगमतापूर्वक नर्सिंग संवर्ग की शिक्षा मिल सकेगी।

***सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाएँ होगी सुदृढ़***

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 आयोजन के दृष्टिगत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिये सिविल कार्यों के लिये 592.30 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण से आस-पास के जिलों की जनता को भी उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

शासकीय अस्पतालों में उपचार के दौरान संस्थागत मृत्यु, सड़क दुर्घटना/आपदा में मृत्यु पर मृतक की पार्थिव देह को ससम्मान निःशुल्क शव वाहन से गंतव्य स्थल तक पहुँचाया जायेगा।

चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड पर स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी है। चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना होने से जिले के मरीजों को तृतीयक स्तर की सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मानव संसाधन उपलब्धकराने के लिये एवं जिला अस्पतालों का उन्नयन करमरीजों को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

***रिकॉर्ड 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड***

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) में देश में अब तक 34 करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश (5.09 करोड़) के बाद मध्य प्रदेश (4 करोड़) दूसरे नंबर पर और तीसरे नंबर पर बिहार (2.91 करोड़) है। मध्य प्रदेश में 19 लाख से अधिक पात्र नागरिकों को 40 लाख से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज मिला है। समाज के वंचित वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं।

केंद्र और राज्य सरकार के परस्पर प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया गया है। हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देकर कर स्वस्थ, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में प्रदेश आगे ब? रहा है।

## पुणे से मुरैना आ रहे मार्बल मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

**मुरैना।** महाराष्ट्र के पुणे में मार्बल का काम करने वाले एक मजदूर की मंगलवार की शाम को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक मंगलवार को झेलम एक्सप्रेस में सवार होकर मुरैना स्थित अपने घर आ रहा था। उसका शव शिकारपुर और नहर के बीच रेलवे ट्रेक पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 35 सबजीत का पुरा निवासी बृजेश जाटव 25 पुत्र होरीलाल जाटव अपने भाई के साथ पुणे में मार्बल का काम करता था। सोमवार की रात को बृजेश पुणे से अपने घर मुरैना आने के लिए झेलम एक्सप्रेस में सवार हुआ था। मंगलवार की शाम को साढ़े पांच बजे तक बृजेश को घर पहुंचना था। लेकिन बृजेश देर रात तक घर नहीं पहुंचा। इधर रेलवे कर्मचारियों को शिकारपुर फाटक और नहर के बीच रेलवे ट्रेक पर एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। उसके पैर और गर्दन का हिस्सा कटा हुआ था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां उनकी शिनाख्त बृजेश जाटव के रूप में हुई। ट्रेन में सफर के दौरान बृजेश की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# आईओएल के मटेरियल यार्ड में आग से लाखों का नुकसान

## पीएनजी गैस लाइन बिछाने का काम कर रही कंपनी



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** घरों में पीएनजी गैस की सप्लाई के लिए लाईन बिछाने का काम कर रही इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन के मटेरियल यार्ड में बुधवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। यार्ड में लाईन बिछाने में उपयोग किए जा रहे प्लास्टिक के पाईप भारी मात्रा में रखे हुए थे। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आधा दर्जन दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रूपये का नुकसान होने का अंदेशा बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा इन दिनों जौरा से मुरैना के बीच पीएनजी गैस पाईप लाईन बिछाने का काम किया जा रहा है। लाईन बिछाने में प्रयुक्त होने वाले पाईपों सहित अन्य सामानों को रखने के लिए कंपनी ने एमएस रोड पर कटीबरी हनुमान मंदिर के आगे निजी भूमि आरआर रिसोर्ट को किराए पर लिया हुआ है। इस मटेरियल यार्ड में हजारों की संख्या में प्लास्टिक के पाईपों सहित अन्य सामान रखा हुआ था। बुधवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक यार्ड में आग लग गई। वहां तैनात कर्मचारियों ने जब चिंगारियां उठते हुए देखीं तो फायर बिग्रेड को सूचना देकर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। लेकिन वे सफल हो पाते इससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। सूचना मिलने के बाद जौरा, मुरैना सहित कैलारस और बानमोर से दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए। आधा दर्जन दमकल वाहनों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रूपये का नुकसान होने का अंदेशा है। कंपनी के अधिकारियों द्वारा नुकसान के बारे में जानकारी नहीं दी गई थी। आग कैसे लगी, यह जांच के बाद ही पता चल

# स्टेशन रोड पुलिस ने 24 घण्टे में अम्बाला से बरामद किया नाबालिग बालिका को



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा अपहताओं, बालक/बालिकाओं के विरूद्ध घटित अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने एवं अपराधों का जल्द से जल्द निकाल करने संबंधी अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में निरीक्षक सोनपाल सिंह तोमर थाना प्रभारी स्टेशन रोड को जरिये मुखबिर सूचना मिली की अपराध क्रमांक 166/24 में अपहृत गई बालिका को शहजादपुर जिला अम्बाला हरियाणा में देखा गया है। मुखबिर की उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी स्टेशन रोड द्वारा एक टीम का गठन कर तत्काल हरियाणा के लिए रवाना किया गया। उक्त टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर दबिश देकर बालिका को शहजादपुर जिला अम्बाला, हरियाणा से दस्तयाब किया गया। तदोउपरांत अपहृता के कथनों के आधार पर से उक्त प्रकरण में धारा 363 ताहि. व 3/4,5 (एल/6) पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया एवं 24 घण्टे के अंदर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया कर माननीय न्यायालय मुरैना के समक्ष पेश किया गया।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित,
आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।